दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# नवयत

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 148 | सीकर, मंगलवार 28 जुलाई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## गतिरोध खत्म... आज पटरी पर लौटेगी संसद

## सार्वजनिक परीक्षा विधेयक समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली।

लगातार हंगामे और ठप पड़े कामकाज के बाद मंगलवार से संसद का मानसून सत्र फिर से सामान्य होने की उम्मीद है। नीट पेपर लीक और छात्रों पर पुलिस लाठीचार्ज को लेकर एक सप्ताह से पक्ष-विपक्ष के बीच का गतिरोध टूटता दिख रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल और सभी दलों के शीर्ष नेताओं से बात के बाद सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक-2026 पर चर्चा पर सहमति बन गई है। इससे संसद का अवरुद्ध विधायी कामकाज फिर से गति पकड़ सकता है। इसके पहले दोनों सदनों में कार्यवाही बार-बार बाधित होती रही।

### विपक्षी दलों से स्पीकर ने की बातचीत

गतिरोध खत्म कराने के लिए ओम बिरला सदन में लगातार सभी दलों से अपील करते रहे कि यह मुद्दा करोड़ों छात्रों के भविष्य से जुड़ा है और इस पर राजनीति के बजाय गंभीर चर्चा होनी चाहिए।

उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि सरकार छह घंटे से अधिक समय तक चर्चा कराने के लिए तैयार है और विपक्ष को अपनी हर बात विस्तार से रखने का पूरा अवसर मिलेगा।

इसके बाद उन्होंने विभिन्न दलों के फ्लोर लीडर्स से अलग-अलग बातचीत भी की। इसका असर हुआ कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों मंगलवार से विधेयक पर चर्चा शुरू करने के लिए तैयार हो गए।

### क्या है विधेयक का उद्देश्य?

सरकार का तर्क है कि विधेयक का उद्देश्य परीक्षा माफिया पर प्रभावी नियंत्रण, नकल और संगठित पेपर लीक पर कड़ी कार्रवाई करना तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में युवाओं का भरोसा बहाल करना है।

यदि चर्चा शुरू होती है तो संसद में गतिरोध खत्म होने के साथ ही परीक्षा सुधारों पर व्यापक राष्ट्रीय बहस की भी शुरुआत होगी। सरकार इसे शिक्षा व्यवस्था में बड़ा सुधार मान रही है, जबकि विपक्ष इसे छात्रों के अधिकार, जवाबदेही और सरकारी जवाबदेही से जुड़े बड़े मुद्दे के रूप में देख रहा है। विपक्ष लगातार छात्रों पर पुलिस लाठीचार्ज का मुद्दा उठाता रहा। इसी कारण पिछले कई दिनों से संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित होती रही और कोई महत्वपूर्ण विधायी काम आगे नहीं बढ़ सका।

विपक्ष का कहना था कि सरकार पहले छात्रों के साथ हुई कार्रवाई पर जवाब दे, उसके बाद विधेयक पर चर्चा कराई जाए। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आंदोलन में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की।



लगातार हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही चार बार बाधित हुई। उधर, राज्यसभा में सोमवार को कांग्रेस समेत विपक्षी दल गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग पर अड़े रहे। उनका कहना था कि छात्रों पर पुलिस कार्रवाई पर पहले सरकार को जवाब देना चाहिए। मल्लिकार्जुन खरगे ने गृह मंत्री से सदन में बयान देने की मांग दोहराई।

## सीजेपी की दोबारा आंदोलन की चेतावनी, बोली-सरकार ने समझौता तोड़ा

### देशभर में सैकड़ों छात्र अरेस्ट, झूठे मुकदमे किए




नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी ने सोमवार को चेतावनी दी कि प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई नहीं रुकी और गिरफ्तार छात्रों को राहत नहीं मिली, तो वह फिर से आंदोलन शुरू करेगी। पार्टी प्रवक्ता सौरव दास ने आरोप लगाया कि सरकार ने समझौता तोड़ा है। बिहार और पश्चिम बंगाल में सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार कर झूठे मुकदमों में फंसाया गया है। दिल्ली में हुई इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीजेपी नेता आशुतोष रांका, सौरव दास के साथ एडवोकेट कपिल सिब्बल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा- मेरा रोल इस पार्टी के कानूनी मसलों में मदद करना है। सीजेपी ने कहा कि हमने एक पोर्टल लॉन्च किया है, जिसके जरिए पीड़ित छात्र अपनी परेशानी शेयर कर सकते हैं। वे केस इन्फॉर्मेशन और वीडियो भी शेयर कर सकते हैं।

### सीजेपी बोली- देश के अन्य राज्यों में छात्रों को गिरफ्तार किया जा रहा है

इससे पहले दिन में सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने सोमवार को एक्स पर लिखा था कि असम, पश्चिम बंगाल और बिहार में छात्रों और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया जा रहा है और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पार्टी का कहना है कि उसने देशव्यापी आंदोलन केंद्र सरकार के इस आश्वासन पर स्थगित किया था कि किसी भी प्रदर्शनकारी पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी। सीजेपी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार अपने वादे से पीछे हटती है, तो यह लाखों युवाओं के विश्वास के साथ धोखा होगा। सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने पार्टी की आधिकारिक वेबसाइट पर साक्षी नाम का एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया।

## सोना-चांदी ने मारी लंबी छलांग, सराफा बाजार में मचा हड़कंप!

जयपुर

जयपुर सराफा बाजार में सोना-चांदी के भाव में फिर तेजी देखने को मिली है. 27 जुलाई 2026 को जयपुर सराफा ट्रेडर्स कमेटी की ओर से जारी नए भाव के अनुसार चांदी की कीमत में 3000 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है, वहीं सोना भी 1100 रुपए प्रति दस ग्राम महंगा हो गया है. तेजी के बाद जयपुर में चांदी का भाव 232,000 रुपए प्रति किलो, शुद्ध सोना 148,400 रुपए प्रति दस ग्राम और जेवरात सोना 137,200 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंच गया है. जयपुर सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतों में उछाल देखने को मिला. सराफा ट्रेडर्स कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार चांदी के रेट में 3000 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. इसके बाद चांदी का नया भाव बढ़कर 232,000 रुपए प्रति किलो हो गया है.

## धर्मेंद्र प्रधान बोले- स्ट्रीट फाइटर हूं

### इस्तीफे पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा था- ऐसा होता रहता है

नई दिल्ली

पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सोमवार को संसद पहुंचे। संसद परिसर में प्रधान के पहुंचते ही भाजपा और एनडीए सांसदों की भीड़ उनका स्वागत करने पहुंची। विपक्षी सांसदों ने भी उनसे मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक विपक्षी सांसद ने तंज कसा कि यह पहली बार है, जब किसी मंत्री ने आरोप का सामना किए बिना इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी कहा- ऐसा होता रहता है। इस पर धर्मेंद्र प्रधान ने जवाब दिया, मैं स्ट्रीट फाइटर हूं, एसी कमरों में बैठने वाला एक्टिविस्ट नहीं। प्रधान ने 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। कॉकरोच जनता पार्टी ने नीट पेपर लीक केस में उनके इस्तीफे की मांग करते हुए 36 दिन तक जंतर-मंतर पर धरना दिया था।

### प्रधान का स्वागत करने पर कांग्रेस ने बीजेपी की आलोचना की

कांग्रेस ने सोमवार को संसद भवन परिसर में पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का स्वागत करने पर बीजेपी की कड़ी आलोचना की। पार्टी ने कहा कि यह पूरी घटना बेहद शर्मनाक है और देश के युवाओं का घोर अपमान है। विपक्षी सांसदों ने चोर-चोर, पेपर चोर जैसे नारे भी लगाए। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि बीजेपी सांसद प्रधान का ऐसे स्वागत कर रहे थे जैसे उन्होंने कोई बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की हो। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश पहले ही देख चुका है कि पेपर लीक के मामले में इस्तीफा देते समय माफी मांगने के बजाय, प्रधान ने छात्रों पर ही गुमराह होने का आरोप लगाया था, और उसके बाद सभी केंद्रीय मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ की थी। उन्होंने लिखा- बीजेपी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या पेपर लीक, चरमराती शिक्षा व्यवस्था, छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने के बावजूद प्रधान का काम सराहनीय था? अगर नहीं, तो यह सम्मान किसलिए है? और अगर हां, तो क्या बीजेपी देश के युवाओं और छात्रों को यही संदेश देना चाहती है?



## जोजरी सहित नदियों के पानी को प्रदूषित नहीं होने देना सबकी जिम्मेदारी

### संबंधित उद्योग संघ, सीईटीपी समिति व जिला कलक्टर तत्काल ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत करें-मुख्य सचिव



**जयपुर।** मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने जोधपुर, पाली, बालोतरा, जसोल आदि के औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों से नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाये रखने की ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने संबंधित जिलों के जिला कलक्टरों को भी निर्देश दिए हैं कि जोजरी नदी सहित क्षेत्र की नदियों में उद्योगों का प्रदूषित पानी नहीं जाए इसके लिए प्रभावी उपायों के साथ प्रस्ताव तैयार कर भिजवाएं। नदियों को पानी को प्रदूषित नहीं होने देने की सबकी जिम्मेदारी है। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास सोमवार को शासन सचिवालय में जोधपुर, पाली, बालोतरा के उद्योग संघों और सीईटीपी संचालन समितियों के प्रतिनिधियों से रुबरु हो रहे थे। उन्होंने वर्चुअल बैठक में संबंधित जिलों के जिला कलक्टरों से भी चर्चा की। मुख्य सचिव श्री श्रीनिवास ने कहा कि राज्य सरकार सदैव संवाद कायम करने और बातचीत से समस्या के समाधान के प्रति गंभीर रही है।ऐसे में उद्योगों का निर्बाध संचालन हो पर समाज के व्यापक हित और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उद्योगों का प्रदूषित पानी नदियों में प्रवाहित नहीं होना चाहिए।

## 19 जिलों में भारी बारिश-आंधी का अलर्ट

जयपुर

राजस्थान में सोमवार शाम तक मानसून की रफ्तार कुछ धीमी जरूर रही, लेकिन कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी रहा. मौसम विभाग के अनुसार 27 जुलाई को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में कमजोर मानसून की स्थिति बनी हुई है. हालांकि दक्षिण-पश्चिम और दक्षिणी राजस्थान के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. वहीं बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और फलोदी समेत कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. विभाग ने इन इलाकों में तेज मेघगर्जन, 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी और बारिश की संभावना जताई है.

### सिरोही में सबसे ज्यादा बारिश, जालौर में भी बरसे बादल

पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि पश्चिमी राजस्थान में भी कई स्थानों पर मेघगर्जन के साथ बारिश दर्ज की गई. सबसे ज्यादा 86.5 मिमी बारिश सिरोही जिले के माउंट आबू रोड में रिकॉर्ड की गई. जालौर और सिरोही के कई हिस्सों में भारी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली. इस दौरान राज्य का सबसे अधिक तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस पाली के जवाई बांध क्षेत्र में रिकॉर्ड हुआ.

### आज से फिर बढ़ेगी बारिश की गतिविधियां

मौसम विभाग के अनुसार 28 जुलाई से पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में बारिश की गतिविधियां एक बार फिर तेज होने लगेंगी.



बंगाल की खाड़ी में बने नए मौसम तंत्र का असर धीरे-धीरे राजस्थान पर दिखाई देगा. इसके बाद 29 जुलाई से 2 अगस्त के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मानसून फिर से सक्रिय होने की संभावना है. इस दौरान पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में भारी बारिश हो सकती है. बीकानेर संभाग में भी 29 जुलाई से बारिश का दौर दोबारा तेज होने के संकेत हैं.

### इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट, तेज आंधी और गरज-चमक की चेतावनी

मौसम विभाग ने बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और फलोदी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इन क्षेत्रों में कहीं-कहीं मध्यम से तेज मेघगर्जन के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं. साथ ही हल्की से मध्यम बारिश के कई दौर देखने को मिल सकते हैं. शाम और रात के समय मौसम अचानक बदल सकता है, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है.

### येलो अलर्ट वाले जिलों में भी बदल सकता है मौसम

चूरू, बालोतरा, बाड़मेर, करौली, सवाई माधोपुर, जयपुर, टोंक, भीलवाड़ा, पाली, सीकर, डीडवाना-कुचामन, झुंझुनूं, बूंदी, अजमेर और ब्यावर जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. इन इलाकों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग का कहना है कि कुछ स्थानों पर अचानक मौसम बदल सकता है, इसलिए खुले स्थानों पर सावधानी बरतना जरूरी होगा.

### पश्चिमी विक्षोभ नहीं, नए मानसूनी तंत्र पर मौसम की नजर

फिलहाल राजस्थान के मौसम पर किसी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव नहीं है. मौसम में बदलाव का मुख्य कारण बंगाल की खाड़ी में सक्रिय नया कम दबाव का तंत्र है. यही सिस्टम आने वाले दिनों में मानसून को फिर मजबूती देगा और प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश की संभावना बनाएगा. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि जुलाई के आखिरी सप्ताह और अगस्त की शुरुआत में मानसून फिर पूरी तरह सक्रिय हो सकता है.

## एसआईटी में सीए भी शामिल करो : सुप्रीम कोर्ट

### राममंदिर चढ़ावा चोरी की 2 हफ्ते में जांच रिपोर्ट दो; आरोपी और 14 दिन जेल में रहेंगे

अयोध्या।

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की सोमवार दोपहर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया- नई एसआईटी बना दी गई है। आईजी किरण एस इसे लीड कर रहे हैं। टीम में एक डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल, एक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं।

चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा- क्या चोरी की जांच कर रही एसआईटी की इस नई टीम को हर चीज का एक्सेस होगा इसपर तुषार मेहता ने हामी भरी।

दोपहर करीब 3:30 बजे सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा- हम इस जांच को बंद नहीं कर रहे हैं। चोरी के इस मामले में और भी सुधार के कदम उठाने होंगे। एसआईटी में फोरेंसिक ऑडिटर को शामिल करिए। ऑडिटर वित्तीय अपराधों का पता लगाने के लिए खातों और रिकॉर्ड्स की जांच करेगा।




कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद तय की है। एसआईटी को निर्देश दिया है कि वह दो हफ्ते के भीतर अपनी जांच की स्टेटस रिपोर्ट अदालत में दाखिल करे। अब अगली सुनवाई में कोर्ट इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई पर फैसला करेगा। कोर्ट ने 20 जुलाई को यूपी सरकार को नए सिरे से विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया था और अब तक हुई जांच की रिपोर्ट मांगी थी।

सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने कहा- लाखों श्रद्धालु 500, 1000 या अन्य छोटी-बड़ी राशि श्रद्धा से दान करते हैं। अगर वह धन ट्रस्ट तक नहीं पहुंच रहा है तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

उन्होंने सुझाव दिया कि ट्रस्ट को प्राप्त होने वाले दान का विवरण सार्वजनिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि दानदाता यह देख सकें कि उनकी राशि सुरक्षित रूप से ट्रस्ट तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि यह किसी पक्ष के खिलाफ लड़ाई नहीं, बल्कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने का प्रयास है।

## स्कूल में घुसकर तोड़फोड़ का मामला



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर जिले में बढ़ती चोरी की वारदात आमजन की समस्या बनी हुई है। जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उदयलाल की ढाणी, राधाकिशनपुरा में रविवार रात अज्ञात लोगों द्वारा स्कूल में घुस कर तोड़फोड़ की और लकड़ी की टेबलों पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया गया। जानकारी देते हुए क्षेत्र के अशोक वर्मा ने बताया कि स्कूल में हुई इस प्रकार की वारदात बेहद चिंता का विषय है। स्कूल की अध्यापिका प्रियंका देवी ने थाना उद्योग नगर में अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाकर कार्यवाही करने की मांग की है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा कक्षा-कक्षों में घुसकर तोड़फोड़ की गई, विज्ञान किट, खेल सामग्रियों, महापुरुषों की तस्वीरों को तोड़फोड़ करके फर्नीचर और दरियों पर ज्वलनशील पदार्थ का छिड़काव किया गया। विद्यालय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे शिक्षकों व विद्यार्थियों सहित में क्षेत्र में भय व्याप्त है। पुलिस के अधिकारियें सहित क्षेत्र के अशोक वर्मा, राकेश कटारिया, मुकेश सैनी, जगदीश जाखड़, प्रकाश रॉयल, शीशपाल जाखड़, संजय ओला, चिरंजीलाल सैनी, नागरमल सैनी, नंदलाल सैनी, राजपाल जाखड़ सहित सैंकड़ों लोगों ने स्कूल का जायजा लिया।

## गौशाला में किया पौधरोपण



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से पंडित गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गौशाला में पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने पौधरोपण किया। इस दौरान आम्रपाली किस्म के आम के पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। गौशाला पदाधिकारियों ने बताया कि परिसर को अधिक हरित एवं छायादार बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रजातियों के 51 पौधे ओर लगाने का भी संकल्प लिया। महेंद्र सिंह बुगालिया ने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भामाशाह शिवनारायण बुगालिया, प्रिंसिपल राजेंद्र सिंह, नंदकिशोर स्वामी, महावीर स्वामी, महेंद्र केडिया, गौरीशंकर सैनी, विजयपाल सिंह, महावीर प्रसाद बुगालिया, सत्यवीर सिंह, महीपाल कुमावत, हरिराम जांगिड़, रमेश बुगालिया, अनिल स्वामी, कपिल कुमावत सहित अन्य ग्रामीण एवं गौशाला पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीआरएम के दौरे पर झुंझुनू को जंक्शन बनाने की मांग तेज



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जयपुर रेल मंडल के डीआरएम रवि जैन यात्रियों की सुनवाई करने सोमवार दोपहर विशेष निरीक्षण ट्रेन से झुंझुनू स्टेशन पहुंचे। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने डीआरएम का मोतियों की मालाएं पहनाकर एवं चिड़ावा के पेड़े भेंट कर स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने झुंझुनू रेलवे स्टेशन को रेलवे जंक्शन बनाने, झुंझुनू से होकर हरिद्वार, दिल्ली, जोधपुर, कोलकाता, गुवाहाटी, अहमदाबाद, मुंबई सहित लोहारू-जयपुर-लोहारू के लिए नई रेल सेवाएं शुरू करने की मांग उठाई। साथ ही मुंबई दूरंतो एक्सप्रेस का सूरत व बोरीवली तथा हिसार-खड़की-हिसार सुपरफास्ट एक्सप्रेस का चिंचवड़ स्टेशन पर स्टॉपेज शुरू करने सहित 25 सूत्री मांगों का ज्ञापन डीआरएम को सौंपा गया। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने झुंझुनू रेलवे स्टेशन के पार्किंग ठेकेदार द्वारा वाहन चालकों एवं यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा निर्धारित दर से अधिक शुल्क वसूलने की शिकायत भी डीआरएम के समक्ष रखी। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अग्रवाल, विनोद खन्ना, चन्द्रप्रकाश धूपिया, मांगीलाल सैन, मोहनलाल पुरोहित, ऋषि सोनी, दिनेश चनानिया, गौरव शर्मा, राजेन्द्र सैन एवं विमल कुमावत शामिल रहे।

## चार माह से पशु चिकित्सक नहीं, इलाज के लिए भटक रहे पशुपालक

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** कस्बे के राजकीय पशु चिकित्सालय में पिछले चार माह से पशु चिकित्सक का पद रिक्त होने के कारण क्षेत्र के पशुपालकों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीमार पशुओं के उपचार के लिए उन्हें दूसरे स्थानों के चिकित्सालयों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत उठानी पड़ रही है। किसान नेता सुभाष बुगालिया व ग्रामीणों ने बताया कि बुगाला गौशाला सहित आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में पशुपालन किया जाता है। ऐसे में चिकित्सक का पद लंबे समय से खाली होने से पशुओं का समय पर उपचार नहीं हो पा रहा है। आपात स्थिति में कई बार पशुओं की जान भी चली जाती है। उन्होंने राज्य सरकार और पशुपालन विभाग से मांग की है कि यहां पशु चिकित्सालय में शीघ्र स्थायी पशु चिकित्सक की नियुक्ति की जाए ताकि किसानों और पशुपालकों को राहत मिल सके तथा पशुओं को समय पर उपचार उपलब्ध हो।

# सलोनी रिन्यूअबल एनर्जी सोलर पावर प्लांट परिसर में खेजड़ी लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के निकट स्थित चरकड़ा गांव की सीमा में नवस्थापित सोलर प्लांट परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को समर्पित पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी के पौधे रोपे गए तथा पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नोखा नगर एवं चरकड़ा गांव के प्रबुद्धजन, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ एवं भट्टड़ परिवार के लोगों ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही सोलर प्लांट की स्थापना से लेकर उसके प्रारंभ होने तक चरकड़ा गांव के प्रबुद्ध जनों एवं सहयोगियों ने प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से योगदान दिया, उनका सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सौर ऊर्जा स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्रोत है। यदि इसके साथ व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण भी किया जाए तो यह प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल सिद्ध होगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण का निर्माण करने का संकल्प लिया।



### इन लोगों का किया सम्मान

वरिष्ठ अधिवक्ता अनोप सिंह राठौड़, पूर्व सरपंच सवाई सिंह राठौड़, भंवर सिंह शेखावत, लक्ष्मण सिंह शेखावत, दीपसिंह चरकड़ा, गोपाल सिंह, श्रवण सिंह का सम्मान किया गया। इस मौके पर सवाई सिंह राठौड़, अनोप सिंह राठौड़, शिव रतन सोनी, राजेंद्र सिंह राठौड़ सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में नेम चंद भट्टड़, हनुमान मल भट्टड़, जगदीश भट्टड़, डॉ मदन गोपाल भट्टड़, नंद किशोर भट्टड़, श्याम भट्टड़, करणीदान भट्टड़, सोहनलाल भट्टड़, सुनील भट्टड़, नवीन भट्टड़, हरिकिशन राठी, दामोदर लखोटिया, राजकुमार पारीक, श्याम भादू, ओम पारीक, अंकित तोषनीवाल, बृजेश पंचारिया, कन्हैयालाल तापड़िया, महेंद्र शेखावत, भीकम चंद करनानी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विमल पेड़ीवाल ने सभी आगंतुकों को सोलर पावर प्लांट की विस्तृत रूप में तकनीकि जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जयकरण चारण ने किया और श्याम भट्टड़ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## रवि गुप्ता बिरमीवाला बने अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के युवा जिलाध्यक्ष

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन (पूर्वी राजस्थान) ने संगठन को मजबूत बनाने और समाज हित में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए झुंझुनू निवासी रवि गुप्ता बिरमीवाला को झुंझुनू जिला युवा अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक नेतृत्व की अनुशंसा पर की गई है। रवि गुप्ता, जो झुंझुनूं शहर के छीपियों की ढाणी, वार्ड नंबर-53 के निवासी हैं। लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संगठन की ओर से जारी मनोनयन पत्र के जरिए उन्हें यह जिम्मेदारी



दी गई है। संगठन के प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि रवि गुप्ता की निष्ठा, अनुभव और सामाजिक सक्रियता से झुंझुनू जिले में अग्रवाल समाज के युवाओं को नई दिशा मिलेगी। उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत, संगठित एवं प्रभावी रूप से समाजहित के कार्य करेगा। रवि गुप्ता की नियुक्ति पर संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। वहीं रवि गुप्ता ने भी राष्ट्रीय नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष नन्दलाल अग्रवाल, राष्ट्रीय युवा महामंत्री दीपक जाजोदिया एवं संजीव अग्रवाल, पूर्वी राजस्थान प्रादेशिक नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष अशोक गर्ग, पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका चिड़ावा, पूर्व प्रदेश युवा मंत्री अनुज भगेरिया चिड़ावा, प्रदेश युवा अध्यक्ष रोहित गर्ग, प्रदेश युवा महामंत्री विष्णु चौधरी, संदीप बजाज, प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार मित्तल, जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान नूआंवाला का आभार जताया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर रवि गुप्ता ने संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस दायित्व का पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता अग्रवाल समाज के युवाओं को संगठन से जोड़ना, समाजहित के कार्यों को गति देना तथा महाराजा अग्रसेन के आदर्शों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना रहेगी। उन्होंने कहा कि संगठन के सहयोग से झुंझुनू जिले में युवाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक और सेवा कार्यों से जोड़कर समाज को और अधिक संगठित एवं सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## टीबी मुक्त भारत जागरूकता रैली निकाली




निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा के प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स द्वारा टीबी मुक्त भारत जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रणवीर ने कैडेट्स के अनुशासन, उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। एनसीसी कैडेट्स ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर तथा विभिन्न प्रेरक स्लोगन लगाते हुए आमजन को जागरूक किया। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर नोखा के मुख्य मार्गों से होते हुए कृषि उपज मण्डी पहुची जहां कैडेट्स ने जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया। इस अवसर पर प्रयोगशाला सहायक रामस्वरूप प्रजापत भी रैली के साथ उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। रैली का उद्देश्य समाज में जनजागरूकता बढ़ाना और युवाओं को सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रेरित करना था।

## फिल्टर पानी के नाम पर शहरवासियों की सेहत से खिलवाड़

### बेखौफ दौड़ रहीं गाड़ियां, प्रशासन बेखबर



बाबूलाल वर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहर में इन दिनों शुद्ध पानी के नाम पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। रोजाना सुबह-सुबह शहर की गलियों और मुख्य मार्गों पर सैंकड़ों की संख्या में फिल्टर पानी की टंकी ले जाती गाड़ियां दौड़ती नजर आती हैं। घर, दफ्तर, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में इस पानी की बेरोकटोक सप्लाई हो रही है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह पानी वास्तव में फिल्टर है या महज एक छलावा यह सप्लायर पैकेज्ड वाटर या वाटर प्यूरिफिकेशन के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे हैं लेकिन पानी की गुणवत्ता मानकों पर पूरी तरह से संदेहास्पद है। आज तक संबंधित स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन सप्लाई करने वाली गाड़ियों और सप्लायरों की कोई जांच नहीं की गई है। प्लांट में पानी कहाँ से भरा जा रहा है प्लांट में लगे फिल्टर समय पर बदले जा रहे हैं या नहीं प्लांट परिसर में साफ-सफाई के मानकों का पालन हो रहा है या नहीं इस बात की निगरानी करने वाला कोई नहीं है। जिन प्लास्टिक की टंकियों में पानी सप्लाई किया जाता है, उनमें से कई अत्यधिक गन्दी, पुरानी और बिना धुली ही बार-बार इस्तेमाल की जा रही हैं। ये स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है अशुद्ध या बैक्टीरिया-युक्त पानी पीने से उल्टी, दस्त, पीलिया, टाइफाइड और पेट से जुड़ी गंभीर बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। लोग यह सोचकर यह पानी खरीद रहे हैं कि यह उनके परिवार को बीमारियों से बचाएगा जबकि हकीकत इसके उलट भी हो सकती है। शहरवासियों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि प्रशासन और संबंधित विभागों को नींद से जागना चाहिए। लोगों की सेहत की सुरक्षा के लिए ठोस कदम तुरंत उठाए जाने चाहिए। पानी के प्लांटों पर औचक छापेमारी कर स्वच्छता और फिल्टर प्रक्रिया की जांच हो। सप्लायरों के पानी के सैंपल लेकर सरकारी लैब में जांच के लिए भेजे जाएं। केवल उन्हीं सप्लायरों को अनुमति मिले जिनके पास वैध लाइसेंस और गुणवत्ता प्रमाण पत्र हो। जब तक प्रशासन पानी के इन नमूनों की नियमित जांच नहीं करता, तब तक कोई कैसे मान ले कि यह पानी पीने योग्य है क्या विभाग किसी बड़ी महामारी या बीमारी के फैलने का इंतजार कर रहा है।

## गुरु पूर्णिमा पर आज होगा जागरण व संतों की अमृतवाणी

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार 28 जुलाई को रात्रि 9 बजे से नवलगढ़ मार्ग स्थित नंद भवन में भव्य जागरण एवं संतों की अमृतवाणी का आयोजन किया जाएग। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव कराने के लिए संतों के सानिध्य में आध्यात्मिक प्रवचन एवं अमृतवाणी का श्रवण कराया जाएगा। वहीं प्रसिद्ध शिवा भजन मंडली द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएगी। आयोजन सूरदास के सानिध्य में संपन्न होगा। 29 जुलाई को भंडारा होगा। आयोजक सुनील व अनिल स्वामी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गुरु पूर्णिमा महोत्सव में भाग लेने तथा संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। आयोजन को लेकर नंद भवन परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## स्टेडियम से अवैध कब्जे हटाने की मांग, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के राजोता ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने क्षेत्र के एकमात्र खेल स्टेडियम पर हुए कथित अवैध कब्जे को हटाने और उसे पुनः सार्वजनिक घोषित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन उपखंड अधिकारी के माध्यम से भेजा गया। रामनिवास लादी के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया गया कि राजोता ग्राम एवं आसपास के करीब 10 गांवों के युवाओं के लिए यह स्टेडियम खेल गतिविधियों, सेना भर्ती और अन्य सुरक्षा बलों की शारीरिक तैयारी का प्रमुख केंद्र रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों ने कथित रूप से जालसाजी कर सार्वजनिक स्टेडियम की भूमि का नामांतरण अपने नाम करवा लिया है तथा



अब उस पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस स्टेडियम से अब तक लगभग 700 से अधिक युवा सेना, पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती होकर देश सेवा कर चुके हैं। ऐसे में यदि स्टेडियम पर कब्जा हो जाता है तो क्षेत्र के युवाओं के खेल और भर्ती की तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

इस मामले को लेकर ग्रामीणों में रोष का माहौल है। ज्ञापन में प्रशासन से स्टेडियम की भूमि पर हुए कथित अवैध कब्जे की निष्पक्ष जांच कराने, जालसाजी से हुए नामांतरण को निरस्त करने तथा स्टेडियम को पुनः सार्वजनिक संपत्ति घोषित करने की मांग की गई है। साथ ही स्टेडियम को अतिक्रमण मुक्त कर युवाओं के खेल एवं भर्ती प्रशिक्षण के लिए सुरक्षित रखने की अपील भी की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो हजारों युवाओं के भविष्य पर संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े इस मुद्दे का शीघ्र समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन पर राजोता ग्राम के ग्रामीणों के हस्ताक्षर किए गए हैं। इस मौके पर रामनिवास लादी, अनिल कुमार, बनवारीलाल, प्रदीप कुमार, संजय कुमार, सुमित, कैलाश चंद, सुनील, राहुल, जितेंद्र, अशोक, रमेश, हिमांशु, प्रियांश, राजू सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** नाबालिग लड़की के साथ छेडछाड़ करने के आरोपी को पुलिस गिरफ्तार करने में कामयाब हुई। आरोपी पर तीन हजार रूपए का ईनाम था। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि एक नाबालिग लड़की के साथ घर में घुस कर छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज हुआ था, घटना की वारदात के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। एसपी कावेंद्रसिंह सागर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पर तीन हजार रूपए के ईनाम की घोषणा कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया। टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबीर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से घटना के दौरान काम में ली गई मोटर साईकिल जब्त कर ली। आरोपी से पुछताछ की जा रही है। टीम में थानाधिकारी राकेश कुमार, एचसी महेंद्र कुमार, कांस्टेबल मनीष, दीपक शामिल थे।

## पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त, लाखों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के धोबी घाट क्षेत्र में स्टेट हाईवे संख्या-13 के किनारे गुजर रही मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से प्रतिदिन लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। पाइपलाइन टूटने से सड़क पर पानी फैल जाने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुरानी हो चुकी पाइपलाइन अधिक दबाव के कारण बार-बार क्षतिग्रस्त हो जाती है लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए जलदाय विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण कई बार पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाती है। इससे आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। नियमित जलापूर्ति प्रभावित होने पर कई परिवारों को निजी टैंकरों



से पानी मंगवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पाइपलाइन में बार-बार रिसाव होने की शिकायत विभागीय अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है लेकिन हर बार केवल अस्थायी मरम्मत कर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। कुछ ही दिनों बाद पाइप लाइन फिर से फट जाती है और लाखों लीटर पेयजल सड़क पर बह जाता है। इससे एक ओर पेयजल की बर्बादी हो रही है तो दूसरी ओर आमजन को जल संकट झेलना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने जलदाय विभाग से मांग की है कि पुरानी और जर्जर पाइपलाइन को बदलकर नई लाइन बिछाई जाए ताकि बार-बार होने वाली समस्या से स्थायी राहत मिल सके। उनका कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में जल संकट और अधिक गहरा सकता है। लोगों ने विभाग से शीघ्र मरम्मत कार्य कर नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# पति, जेठ व देवर द्वारा मिलकर जीभ काटने का आरोप

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले के साहवा थाना क्षेत्र के गांव धीरवास की 42 वर्षीय विवाहिता की पति, जेठ व देवर ने मिलकर जीभ काटने के आरोप का मामला सामने आया हैं। विवाहिता को रविवार दोपहर तारानगर के सरकारी अस्पताल से चूरू के डीबी अस्पताल रैफर किया गया था। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में विवाहिता का इलाज किया गया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भांजी सुनीता ने बताया कि उसकी मौसी जोधपुर के नीमा नीमड़ी की रहने वाली 42 वर्षीय सीता की शादी करीब 20 साल पहले धीरवास निवासी असमाल नाथ के साथ हुई थी। अभी करीब 20 दिन पहले किसी घरेलू बात को लेकर पति असमाल नाथ, देवर मोड नाथ व जेठ सदानाथ ने ब्लेड से इसकी जीभ काट दी। इसके बाद विवाहिता जोधपुर के नीमनीमड़ी में अपने पीहर चली गयी। जो शनिवार को वापस ससुराल धीरवास आयी हैं, इसक तीन बच्चे हैं। जिनमें दो लड़के व एक लड़की हैं। इस मामले में साहवा थानाधिकारी जगदीश गोदारा ने बताया कि विवाहिता के साथ यह घटना करीब 20 दिन पहले होनी बतायी हैं। जोधपुर के मंडोर थाना में इसकी जीरो नंबर एफआईआर दर्ज हुई है। जो यहां भेज दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि विवाहिता फिलहाल बयान लेने के लायक नहीं हैं। उसका स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जायेगा। इसके बाद ही जीभ काटने वाली बात की पुष्टी की जायेगी। पुलिस मामले की गंभीरता के साथ जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि विवाहिता घुमंतू नाथ समाज हैं। जो घटना होने के बाद अपने पीहर चली गयी। जबकि पुलिस को उसके साथ हुई घटना के बारे में अवगत करवाना चाहिए था।

# जीली ग्राम के लोगों की समस्याओं का हुआ समाधान

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत जीली में ग्रामीण सेवा शिविर का फॉलो अप कैंप आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा की उपस्थिति में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित शिविर में चिकित्सा विभाग द्वारा 326 लोगों की जांच की गई एवं एलसीडी जांच 269 टीवी स्क्रीनिंग 175 और आयुर्वेदिक विभाग द्वारा 145 लोगों को चिकित्सा एवं परामर्श दिया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 5 जन्म प्रमाण पत्र, 2 विवाह प्रमाण पत्र, 10 पट्टा आवेदन प्राप्त किए गए एवं प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु पात्रता सूची में नाम जुड़वाने हेतु 35 आवेदन लिए गए और शौचालय निर्माण के 5 आवेदन पत्र प्राप्त हुए राजस्व विभाग द्वारा खाता शुद्धिकरण के 4 कार्य नामांतरण 7 और पशुपालन विभाग द्वारा 155 पशुपालकों को दवा वितरण में उपचार किया। शिविर में तहसीलदार अर्जुन लाल सालोदिया, सहायक विकास अधिकारी ठाकुरमल कताला, सरपंच हरदेवराम बांगडा, ग्राम विकास अधिकारी सुरेंद्र रलिया एवं 18 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिया संख्या 02 व 04 के चौड़ाईकरण कार्य का किया निरीक्षण



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर की पुलिया संख्या 02 एवं 04 के चौड़ाईकरण कार्य, मार्ग के बीच में आ रहे विद्युत पोलों की शिफ्टिंग तथा नाला दुरस्तीकरण कार्य का पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महर्षि ने कहा कि पुलिया चौड़ाईकरण, विद्युत पोल शिफ्टिंग और नाला दुरस्तीकरण जैसे कार्य शहर के यातायात और आमजन की सुविधा से सीधे जुड़े हुए हैं। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी से लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करें। इस अवसर पर पालिका ईओ भवानीशंकर व्यास, सहायक अभियंता सद्दाम हुसैन, जेईएन सुनील मंडार, विद्युत विभाग जेईएन राकेश जोशी सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

# एसडीएम के नहीं आने पर सुना रहा शिविर



निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** नगरपालिका परिसर में एक माह तक चले शहरी सेवा शिविर का सोमवार को फ्लोप शिविर आयोजित किया गया जिसमें एसडीएम आदि के नहीं आने पर शिविर सुना रहा। शिविर में पूर्व सांसद व एसडीएम आदि अधिकारियों के आने की सूचना थी लेकिन पूर्व सांसद की मां का निधन होने से वह नहीं आये जबकि एसडीएम कोई आवश्यक मींटिग में चले गए। वहीं दोपहर को ईओ भी झुंझुनू मीटिंग में गये ऐसे में शिविर सुनसान रहा शिविर में लगी सभी कुर्सियां खाली रही । शिविर में वार्ड 2के महिला व पुरुष भाजपा नेता अदनान तंवर के नेतृत्व में नाली निर्माण की मांग लेकर ईओ से मिले वहीं वार्ड 11के कन्हैयालाल डीडवानिया मीणों के मोहल्ले की गैनाणी में इकट्ठे रहने वाले गंदे व बरसाती पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था करवाने की मांग को लेकर ईओ को ज्ञापन दिया। शिवकुमार सैनी के नेतृत्व में भीखनसर रोड पर धिराणी मुक्तीधाम के सामने वाली गैनाणी के पानी निकासी के लिए बनायें गए चैंबरों के खुल्ले रहने पर हादसे के अंदेशे को देखते उन पर ढक्कन लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया।

# नगरपरिषद में कांग्रेस नेताओं के होते हैं काम : गुर्जर

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर ने कहा है कि सुजानगढ़ नगर परिषद में इन दिनों कांग्रेस नेताओं के कहने पर काम हो रहे हैं। गुर्जर ने बताया कि जिस प्रकार से नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी कांग्रेस नेताओं के इशारे पर काम कर रहे हैं, उससे लगता है कि उन्हें भाजपा नेताओं की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बारे में बीजेपी के उच्च स्तरीय नेताओं को अवगत करवाया गया है और समस्या समाधान की मांग भी की गई है।

# वर्तमान किसानों एवं आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रखना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी : ओला

सुरेन्द्र शर्मा




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि, खाद्य सुरक्षा और किसानों की आजीविका पर पड़ रहे गंभीर प्रभावों का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि सरकार ने अपने उत्तर में स्वीकार किया है कि वर्ष 2050 तक जलवायु परिवर्तन के कारण धान, गेहूँ और मक्का जैसी प्रमुख फसलों की उत्पादकता में भारी गिरावट आ सकती है। साथ ही बढ़ते तापमान का असर दूध उत्पादन, भूजल संसाधनों और चरम मौसमी घटनाओं पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने खतरे की गंभीरता तो स्वीकार की लेकिन किसानों की सुरक्षा, कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोई स्पष्ट, समयबद्ध और जवाबदेह कार्ययोजना नहीं बताई। भविष्य की पीढ़ी का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए जलवायु संकट पर निर्णायक कदम उठाने चाहिए। सांसद ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल भविष्य की चुनौती नहीं बल्कि आज भी किसानों की आय पर सीधा प्रहार कर रहा है। नियमित वर्षा, लू, सूखा, बाढ़ और ओलावृष्टि जैसी चरम मौसमी घटनाओं के कारण फसल उत्पादन घट रहा है, जिससे किसानों की आय लगातार प्रभावित हो रही है। ऐसे में सरकार को वर्तमान में भी किसानों की आय बढ़ाने एवं उनकी फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। सांसद ने वर्तमान एवं भविष्य की चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब कृषि भूमि लगातार घट रही है और उत्पादन में कमी का अनुमान है तब बढ़ती जनसंख्या के बीच देश की खाद्य सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाएगी। इसलिए किसानों के लिए जल संरक्षण, जलवायु-अनुकूल कृषि, भूजल पुनर्भरण और पर्यावरण संरक्षण हेतु विशेष कार्ययोजना, नीति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान का संकट है और इससे निपटने के लिए सरकार को केवल योजनाओं की घोषणा नहीं बल्कि ठोस और प्रभावी कार्रवाई करनी होगी। एक ठोस नीति की आवश्यकता है। नहीं तो वर्तमान एवं आगामी पीढ़ियाँ कभी माफ नहीं करेगी।

# वार्ड 9, 10 के लिए नगरपरिषद में लगा शिविर

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** फोलो अप कैम्प शहरी सेवा शिविर के अन्तर्गत सोमवार को वार्ड नं 9 व 10 तक का शिविर कार्यालय नगर परिषद में आयोजित किया गया। कार्यवाहक आयुक्त चारवी ने बताया कि शिविर में कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 5, पट्टा नवीनीकरण 5, पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यूडी टैक्स के आवेदन 7, जीवीपी 5, सीवर कनेक्शन 4, नाली मरम्मत 1, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 20, स्ट्रीट लाईट 8, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 3, पीएम स्वनिधि 2, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोड़े गये सदस्य 33, वृक्षारोपण 150, आज जोड़े गये पेंशनर्स की संख्या 3, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 4 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान के 3, ढीले तारों को व्यवस्थित 3 प्रकरण प्राप्त हुए। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 563 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 128 के प्रकरण प्राप्त हुए। एनसीडी 462 प्रकरण, आधार सिडिंग 4, आधार केवाईसी 5, एलपीजी आईडी केवाईसी 2 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में निवर्तमान पार्षद इस्माईल खान, रेंवतमल पंवार, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी, राकेश प्रजापत आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड़ तथा कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, फायरमैन देविका, बबिता मीणा, रामनिवास जाट, सुनील विश्नोई, प्रमोद विश्नोई, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, लेखा सहायक सरिता बुडानिया, एमआईएस मैनेजर कृष्ण शर्मा, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा चिकित्सा विभाग के नर्सिंग ऑफिसर विष्णू शर्मा, एएनएम सुमन कुमारी, जलदाय विभाग के फिटर शंकर, उर्जा विभाग के कनिष्ठ अभियंता गौतम मेघवाल, टेक्निशीयन राकेश तुनवाल तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# क्षत्रिय विकास संस्थान की बैठक आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** क्षत्रिय विकास संस्थान की बैठक संस्थान भवन में गिरवरसिंह रेड़ी की अध्यक्षता में हुई। संस्थान अध्यक्ष एडवोकेट गजराजसिंह राजवी ने बताया कि बैठक में समाज विकास पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। साथ ही वर्तमान तारानगर नायब तहसीलदार बजरगसिंह राठौड़ को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष गजराजसिंह राजवी, वीर बहादुर सिंह राठौड़, घनश्यामसिंह राजवी, कैप्टन करणी सिंह राठौड़, जयमाल सिंह सोनगरा, मोहरसिंह जिगसाना, जीवणसिंह राठौड़, रणधीर सिंह भाटी, रेवंतसिंह, बलवीर सिंह, रणजीत सिंह तंवर, सुनील राजपुरोहित, धर्मपाल सिंह, गुलाब सिंह, सूरजसिंह कोटडी आदि समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

# चार सड़कों के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शहर के वार्ड संख्या 45 में प्रकाश पाठशाला से रूपचंद छबलानिया के घर तक करीब 24.90 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

यह सड़क लंबे समय से वार्डवासियों की प्रमुख मांग थी। सड़क निर्माण शुरू होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए रेगर विकास समिति एवं वार्डवासियों ने पूर्व विधायक महर्षि का साफा, दुपट्टा एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर महर्षि ने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्य उनकी प्राथमिकता हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा वार्ड संख्या 1 में भी तीन अन्य सीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाए गए हैं। इनमें सीताराम की चक्की से इन्द्रचंद खटीक के घर तक 23.61 लाख रुपये, लालचंद के घर से बनवारीलाल के घर तथा बहादूर सिंह के घर से मोहन माली के घर तक 8.18 लाख रुपये और हुडेरा रोड से नत्थूराम मेघवाल के घर तक 23.02 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। इस दौरान पालिका ईओ भवानीशंकर व्यास, सहायक अभियंता सद्दाम हुसैन, जेईएन सुनील मंडार, अर्जुन सिंह फ्रांसा, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, शहर मण्डल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला, सुभाष भूण, मण्डल महामंत्री दीपक मुरारका, मंत्री भिवराज प्रजापत, हेमन्त पंवार, रेगर समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश फौजी, शिवभगवान फूलवाडीया, रामचन्द्र बाकोलिया, सुशील इन्दौरिया, प्रवीण शर्मा, रामचन्द्र दायमा, रामगोपाल चौधरी, रामकिशन गौरिसरिया, बलवीर स्वामी सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# आचार्यश्री महाश्रमण ने युवाचार्य की घोषणा की

## मुख्य मुनिश्री महावीर कुमार बने उत्तराधिकारी

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन विश्व भारती में विराजित युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण ने भिक्षु चेतना वर्ष की सम्पन्नता के अवसर पर तेरापंथ की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए युवाचार्य के रूप में मुख्य मुनिश्री महावीर कुमार को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। आचार्यश्री की इस घोषणा के साथ ही पूरा प्रवचन पण्डाल जयघोष से गूंज उठा। आचार्यश्री ने कहा कि आचार्यश्री तुलसी व आचार्यश्री महाप्रज्ञ ने मुझ पर ध्यान देकर यह दायित्व सौंपा जिसे मैं अब तक निभाता आ रहा हूं। आज मैंने तेरापंथ की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अपने उत्तराधिकारी के रूप में मुनि महावीर कुमार की घोषणा की है। आचार्यश्री ने कहा कि आचार्य का यह दायित्व है कि वर्तमान के साथ भविष्य की व्यवस्था पर भी ध्यान दे। मैं उस परंपरा का निर्वाह करते हुए अपने उत्तराधिकारी के रूप में युवाचार्य पद पर मुनि महावीर कुमार को नियुक्त करता हूं। आचार्यश्री ने परंपरा अनुसार नवनियुक्त युवाचार्य मुनि महावीर कुमार को अपने हाथों से अपनी सफेद चद्दर ओढ़ाकर भिक्षु परंपरा को आगे बढ़ाया। गौरतलब रहे कि करीब 250 वर्ष पूर्व भिक्षु स्वामी ने जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ की स्थापना की थी और उन्होंने अपने युवाचार्य के रूप में आचार्यश्री भारमल को चुना। इस प्रकार तेरापंथ धर्मसंघ में यह परंपरा चली कि आचार्य अपने भावी उत्तराधिकारी का युवाचार्य के रूप में घोषित करता है। वही युवाचार्य आगे चलकर तेरापंथ धर्मसंघ का नेतृत्व करता है। वर्तमान में यह परंपरा ग्यारहवें आचार्यश्री महाश्रमण के साथ चल रही है। इसके साथ ही अब मुनि महावीर कुमार को 12वां उत्तराधिकारी बनने का गौरव मिला है।

# एमजेडी कॉलेज में एनसीसी भर्ती 3 अगस्त को

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में 3 अगस्त को सुबह 8 बजे एनसीसी कैडेट्स की भर्ती होगी। एनसीसी प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद कस्वा ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के समस्त नियमित विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। कुल रिक्त सीटों में से 40 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित हैं। भर्ती प्रकिया में 1600 मीटर दौड़, शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार प्रक्रि शामिल होगी व इसी के अनुसार ही भर्ती होगी। इच्छुक विद्यार्थी जो शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो उनको भरे हुए आवेदन पत्र व आवश्यक दस्तावेज के साथ महाविद्यालय खेल मैदान में 3 अगस्त को सुबह 8 बजे पहुंच कर अपना टोकन लेना होगा।

# 22वें राष्ट्रीय कन्या मंडल अधिवेशन संकल्प का समापन



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में जैन विश्व भारती स्थित ऑडिटोरियम में 22वें राष्ट्रीय कन्या मंडल अधिवेशन संकल्प का प्रेरणादायी समापन हुआ। कार्यक्रम में देशभर के 130 क्षेत्रों से लगभग 970 कन्याओं की सहभागिता रही। अधिवेशन का भव्य आगाज परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में हुआ। शुभारंभ जिज्ञासा सत्र से हुआ, जिसमें आचार्यश्री ने संस्कारयुक्त एवं संयमित जीवन जीने की प्रेरणा दी। तीन दिवसीय अधिवेशन के दौरान आयोजित भव्य कन्या रैली, चार महाव्रतों पर आधारित प्रदर्शनी, संकल्प संसद तथा आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं महिला अधिकारों पर आधारित विशेष जागरूकता सत्र प्रमुख आकर्षण रहे। इस अवसर पर अनेक कन्याओं ने गुरुदेव के समक्ष आजीवन नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प भी लिया। राष्ट्रीय अध्यक्षा सुमन नाहटा ने कहा कि संकल्प केवल एक उद्घोष नहीं बल्कि जीवन-दर्शन है। उन्होंने कन्याओं का आह्वान किया कि वे सेवा, संस्कार एवं नेतृत्व के मूल्यों को जीवन में आत्मसात कर समाज निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभाएँ।

# मदरसा में छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राजस्थान मदरसा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त मदरसा नूरुल इस्लाम में सोमवार को अध्ययनरत 100 विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक एवं दीनी सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को यूनिफॉर्म, स्टेशनरी, पास बुक्स तथा दीनीयात की शिक्षा के लिए कुरान शरीफ और पारे आदि वितरित किए गए। मोहम्मद अख्तर भाटी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उन्हें दीनी और दुनियावी तालीम के लिए प्रोत्साहित करना है। भाटी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक एवं धार्मिक मूल्यों का विकास भी बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण के लिए आवश्यक है। मदरसा नूरुल इस्लाम द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों के हित में ऐसे सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। शिक्षण सामग्री मिलने से बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मदरसा प्रबंधन का आभार जताया। इस अवसर पर जहांगीर सोलंकी, मो रफीक बल्खी, सैयद मो मुश्ताक, सैयद खुशनुमा आदि स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# तीसरे दिन की कथा में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

ललित दाधीच



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के देव नगर ढाणी बास में अंजनी माता मंदिर परिसर में पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तहत तीसरे दिन नानी बाई रो मायरो की कथा में व्यास पीठ पर विराजित कथा वाचक तुलसीराम पांडे ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान नरसिंह श्रीकृष्ण के परम भक्त थे उन्हीं की भक्ति में लग गए। भगवान शंकर की कृपा से उन्होंने ठाकुरजी के दर्शन किए उसके बाद तो नरसी ने सांसारिक मोह त्याग दिया और संत बन गए। उधर नानी बाई ने पुत्री को जन्म दिया और पुत्री विवाह लायक हो गई किंतु नरसी को कोई खबर नहीं थी। लड़की के विवाह पर ननिहाल की तरफ से भात भरने की रस्म के चलते नरसी को सूचित किया गया। नरसी के पास देने को कुछ नहीं था उसने अपने भाई बंधु से मदद की गुहार लगाई लेकिन मदद की तो दूर की बात साथ चलने पर भी तैयार नहीं थे।

अंत में नरसी टूटी फूटी गाड़ी लेकर खुद ही रवाना हो गए। कथावाचक तुलसी राम पांडे ने बताया भक्ति में शक्ति होती है जो सच्चे मन से भगवान को याद करते हैं भगवान दौड़े दौड़े उनके पास चले आते हैं।

इस अवसर पर गाड़ी में बिठाले बाबा, ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन, सीताराम हनुमान सीता राम हनुमान, भगत वसल प्रभु सारे आदि भजनों पर श्रद्धालु गण नाचने पर मजबूर हो गए। कथा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां भी आकर्षण का केंद्र थी। कथा में मुख्य यजमान राकेश पारीक, राधेश्याम पारीक, विजय कुमार प्रजापत ठेकेदार, मनोज पुजारी, अंकित पुजारी, मोहित पुजारी, संजय पुजारी आदि श्रद्धालु गण ने आरती उतार कर महाराजश्री से आशीर्वाद लिया। अंजनी माता मंदिर के पुजारी राधे श्याम पारीक ने बताया आज रात्रि सवा 9 बजे मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें संत रामदास महाराज बाबा फतेहपुर, राम अवतार मारवाड़ी फतेहपुर आदि के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी एवं 29 जुलाई को गुरु पूजन एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## परीक्षा सुधार

**प्रधानमंत्री ने इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी के नेतृत्व में परीक्षा सुधारों के लिए एक कार्य बल गठित करने का जो फैसला लिया, वह एक ठोस कदम जान पड़ता है, क्योंकि बात केवल मेडिकल कालेजों में प्रवेश की परीक्षा नीट की ही नहीं थी।**

पिछले कुछ वर्षों में न जाने कितनी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक हुए हैं। इन स्थितियों में सभी परीक्षाओं में सुधार के कोई ठोस उपाय किए जाने आवश्यक हो गए थे। यह आशा की जाती है कि नंदन नीलेकणी के नेतृत्व में गठित कार्य बल परीक्षाओं में सुधार के प्रभावी उपाय कर सकने में सक्षम रहेगा।

यह अपेक्षा इसलिए है, क्योंकि वे तकनीक के दिग्गज हैं और उन्हें आधार एवं यूपीआइ का जनक माना जाता है। नीलेकणी के नेतृत्व में गठित कार्य बल परीक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी, सुरक्षित एवं तकनीक आधारित बनाने के लिए सुझाव देगा। इन सुझावों पर समय रहते सही ढंग से अमल करना होगा, क्योंकि इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि नीट में सुधारों के लिए राधाकृष्णन समिति ने जो सुझाव दिए थे, उन सभी का सही तरह से पालन नहीं किया जा सका और संभवत: उसी के नतीजे में इस परीक्षा के प्रश्न पत्र बार-बार लीक हुए।

अच्छा होता कि सरकार ने अब जाकर जो निर्णय लिया, वह और पहले ही ले लेती। उसने पिछले कुछ दिनों में परीक्षा में सुधार के लिए जो अनेक फैसले लिए, उनसे यह प्रतीति हो रही है कि वे कॉकरोच जनता पार्टी के धरना-प्रदर्शन से उपजी परिस्थितियों के बाद लिए गए। जो भी हो, कम से कम अब ऐसे प्रबंध किए जाने चाहिए जिससे किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक न हों, क्योंकि जब ऐसा होता है तो परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर तो प्रश्न चिह्न लगता ही है, छात्रों के समय एवं संसाधन की बर्बादी भी होती है। इससे भी बड़ी बात यह कि पूरी व्यवस्था पर से उनका भरोसा डिगता है।

परीक्षाओं में सेंध लगाने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के साथ यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य था कि परीक्षा



प्रणाली में आमूलचूल सुधार किए जाएं। सुधार का यह दायरा केवल केंद्र और राज्यों की संस्थाओं की ओर से आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं तक ही नहीं सीमित रहना चाहिए। इसका दायरा स्कूली परीक्षाओं तक भी जाना चाहिए, क्योंकि इन परीक्षाओं में नकल एक सामाजिक बुराई बन गई है।

परीक्षाओं में सेंध लगाने वाला एक माफिया पैदा हो गया है। इसमें कोचिंग चलाने वाले भी शामिल हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि परीक्षा के साथ शिक्षा में भी सुधार के ठोस प्रयत्न किए जाएं। यदि आवश्यक समझा जाए तो नई शिक्षा नीति में भी फेरबदल किया जाना चाहिए, क्योंकि एआइ के बढ़ते हस्तक्षेप के साथ ही परिस्थितियां बहुत बदल गई हैं।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा का शाश्वत सियासी संदेश

केंद्रीय शिक्षा मंत्री पद से कद्दावर ओबीसी नेता धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को केवल भाजपा के एक व्यक्ति का इस्तीफा मानना पर्याप्त नहीं होगा। ऐसा इसलिए कि वह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नवरत्नों में शुमार किये जाते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्वास भी उन्हें हासिल था। बावजूद इसके भारी जनदबाव के बीच यदि उन्हें इस्तीफा देना पड़ा तो इसे कई स्तरों पर भाजपा/आरएसएस के राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि लोकतांत्रिक राजनीति में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए जवाबदेही, पारदर्शिता और प्रभावी शासन सबसे महत्वपूर्ण पूंजी हैं।



देखा जाए तो जिस तरह से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा तुरंत स्वीकार कर शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार कर्नाटक मूल के भाजपा नेता प्रह्लाद जोशी को सौंप दिया है, उसके निहितार्थ को भी समझे जाने की जरूरत है। ऐसा इसलिए कि यह सबकुछ अनायास नहीं बल्कि सुनियोजित तरीके से संपन्न हुआ। थोड़ी नरमी सीजेपी के आंदोलनकारियों यथा- सोनम वांगचुक और अभिजीत दीपके ने दिखाई और थोड़ी भाजपा सरकार के जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह जैसे सिपहसालार ने।

वास्तव में, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भारतीय राजनीति में तीन बड़े संदेश देता है— जवाबदेही, जनदबाव की प्रभावशीलता और शिक्षा-युवा मुद्दों की बढ़ती राजनीतिक अहमियत। लेकिन इसके दीर्घकालिक राजनीतिक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेंगे कि सरकार परीक्षा प्रणाली में कितने प्रभावी सुधार करती है और विपक्ष इस मुद्दे को कितनी देर तक राजनीतिक रूप से जीवित रख पाता है।

सच कहूं तो 12 वर्षों में पहली बार केंद्र सरकार धर्मसंकट में फंसी थी, इसलिए उसने इंद्रप्रस्थ के इतिहास से सबक लेते हुए धृतराष्ट्र हठ का परित्याग किया और राष्ट्रवादी सूझबूझ प्रदर्शित किया। क्योंकि छात्र आंदोलन और जनदबाव को शांत करना, संसद और विपक्ष के साथ टकराव कम करना, शिक्षा मंत्रालय में नई शुरुआत का संदेश देना और सरकार की व्यापक राजनीतिक छवि को होने वाले नुकसान को सीमित करना, उसका तात्कालिक कर्तव्य समझा गया। जो एक हदतक सही भी है।

जानकारों की मानें तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्र आंदोलनों, विपक्ष के दबाव और परीक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवालों के बीच आया है। चूंकि अपने पत्र में धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट कहा कि वे छात्रों का भविष्य प्रभावित नहीं होने देना चाहते और स्थिति का दुरुपयोग न हो, इसलिए उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ा।

इस अप्रत्याशित राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि किसी बड़े जनदबाव के बाद मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हुआ है, तो यह अनायास नहीं है, बल्कि भाजपा की सोची, समझी व गुनी हुई राजनीति है। इससे भाजपा सहित सभी दलों और सभी सामाजिक समूहों के नेताओं के लिए कुछ स्थायी सीख निकलती है और इसे सभी को समय रहते ही समझना होगा।

**पहला,** सरकार की डैमेज कंट्रोल रणनीति: यदि सरकार को लगा कि विवाद पूरे शासन की छवि पर भारी पड़ रहा है, तो किसी एक मंत्री का इस्तीफा देकर व्यापक राजनीतिक नुकसान सीमित करने की कोशिश की जा सकती है। यह संसदीय और राजनीतिक दबाव कम करने की रणनीति भी हो सकती है। चूंकि जनता की अपेक्षाएँ किसी भी जातीय पहचान से बड़ी होती हैं। लिहाजा किसी नेता की जातीय पृष्ठभूमि से अधिक महत्व उसके कामकाज, जवाबदेही और परिणामों का होता है। इसलिए सरकार ने सही वक्त पर सटीक पोस्टमार्टम किया है और विभागीय कचरों तक की सफाई करवा डाली है।

**दूसरा,** जवाबदेही का संदेश: लगातार छात्र आंदोलनों और परीक्षा विवादों के बीच एक वरिष्ठ मंत्री का इस्तीफा यह संकेत देता है कि बड़े जनदबाव की स्थिति में सरकार राजनीतिक जवाबदेही दिखाने का विकल्प चुन सकती है। क्योंकि जवाबदेही स्वीकार करना कभी-कभी राजनीतिक नुकसान कम कर सकता है। वहीं लोकतांत्रिक व्यवस्था में समय पर जिम्मेदारी लेना लंबे समय में पार्टी नेतृत्व का भरोसा बढ़ा सकता है।

**तीसरा,** युवाओं की राजनीतिक शक्ति का संकेत: छात्र आंदोलनों ने यह साफ संदेश दिया कि रोजगार, परीक्षा और शिक्षा जैसे मुद्दे अब राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इससे भविष्य में सरकारें इन विषयों पर अधिक सतर्क रह सकती हैं। चूंकि युवा मतदाता मुद्दा-आधारित राजनीति को महत्व देते हैं। इसलिए रोजगार, शिक्षा, परीक्षा की निष्पक्षता और अवसर जैसे विषय जातीय समीकरणों से ऊपर भी राजनीतिक प्रभाव डाल सकते हैं। युवा मतदाताओं को संदेश कि सरकार जल्द परीक्षा सुधार, पारदर्शिता और दोषियों पर कार्रवाई करती है। ऐसा करके उसने राजनीतिक नुकसान कम करने की पहल की है। क्योंकि केवल इस्तीफा पर्याप्त नहीं होगा।

**चौथा,** सरकार ने जनदबाव को स्वीकार किया: लंबे समय बाद किसी बड़े केंद्रीय मंत्री का इस्तीफा सार्वजनिक दबाव के बाद हुआ है। इससे यह संदेश गया कि सरकार ने राजनीतिक नुकसान सीमित करने का रास्ता चुना। यदि विशेष रूप से भाजपा के ओबीसी नेताओं या सवर्ण नेताओं की बात करें, जो पार्टी की रीढ़ समझे जाते हैं, तो उन्हें यह समझाने का रणनीतिक प्रयत्न है कि किसी भी नेता को केवल अपनी सामाजिक पहचान पर नहीं, बल्कि सुशासन, संगठन क्षमता और जनविश्वास पर अपनी राजनीतिक स्वीकार्यता बनानी चाहिए। अन्यथा देर सबेर हुई सार्वजनिक लापरवाही की कीमत चुकानी पड़ेगी।

**पांचवां,** विपक्ष को मनोवैज्ञानिक बढ़त: विपक्ष इसे अपनी राजनीतिक जीत और जनदबाव की सफलता के रूप में प्रस्तुत करेगा, जबकि सत्तापक्ष इसे व्यवस्था सुधार और नैतिक जिम्मेदारी के रूप में पेश करने का प्रयास करेगा। वाकई यह विपक्ष के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त है, क्योंकि विपक्ष इसे अपनी जीत बताएगा और भविष्य के आंदोलनों में इसे उदाहरण के रूप में पेश करेगा। सवाल है कि क्या यह विपक्ष के सामने घुटने टेकने की शुरुआत है? तो ऐसा निष्कर्ष अभी निकालना उचित नहीं होगा, क्योंकि यह तभी कहा जा सकेगा जब सरकार भविष्य में भी हर बड़े आंदोलन पर इसी प्रकार झुके, या अन्य विवादों में भी लगातार इस्तीफे और नीतिगत बदलाव दबाव में करने पड़े।

**छठा,** भाजपा के लिए आंतरिक संदेश: चूंकि संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। इसलिए आसन्न संकट आने पर केवल राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि प्रशासनिक समाधान भी उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। लिहाजा यह संकेत भी माना जा सकता है कि संगठन और सरकार, दोनों स्तरों पर प्रदर्शन और सार्वजनिक धारणा का महत्व बढ़ गया है। वस्तुत: भाजपा इसे जवाबदेही के संदेश में बदलने की कोशिश करेगी। इसलिए सरकार यह तर्क दे सकती है कि व्यक्ति नहीं, व्यवस्था सर्वोपरि है और सुधारों के लिए जवाबदेही तय की गई है। यदि आप इस इस्तीफे की इनसाइड स्टोरी जानना चाहते हैं कि धर्मेंद्र प्रधान ने आखिर किसके कहने पर अपना इस्तीफा दिया, तो अभी तक सरकार, उसके शीर्ष रणनीतिकार कार्यालय, संतुलनकारी प्रधानमंत्री कार्यालय या भाजपा और उसकी मार्गदर्शक आरएसएस की ओर से ऐसा कोई आधिकारिक खुलासा नहीं किया गया है कि आखिर यह निर्णय किस व्यक्ति के निर्देश पर लिया गया। क्योंकि जिस तरह से यूजीसी बिल पर सवर्णों ने धर्मेंद्र प्रधान का सार्वजनिक विरोध किया था, वह भाजपा के भीतर उनकी उल्टी गिनती की शुरुआत समझी गई। स्वाभाविक है कि प्रधान के इस्तीफे से सवर्ण युवाओं में खुशी की लहर है।

उपलब्ध रिपोर्टों के आधार पर सिर्फ कुछ बातें ही कही जा सकती हैं। वह यह कि धर्मेंद्र प्रधान ने 25 जुलाई (शनिवार) को अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा और इसे सार्वजनिक भी किया। खास बात यह कि उनका यह कदम सरकार और आंदोलनकारी पक्ष के बीच तीसरे दौर की वार्ता से ठीक पहले आया। हालांकि यह कहना कि इस्तीफा किसी एक गुट के दबाव में हुआ, उपलब्ध सार्वजनिक साक्ष्यों से सिद्ध नहीं होता। स्वयं धर्मेंद्र प्रधान ने अपने इस्तीफे में कहा कि उनका उद्देश्य छात्रों का भविष्य सुरक्षित रखना, राष्ट्रीय एकता बनाए रखना और आंदोलन का राजनीतिक दुरुपयोग रोकना था। इसलिए राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनका इस्तीफा स्वीकार जाना यह जताता है कि ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय सामान्यत: प्रधानमंत्री और भाजपा/संघ के शीर्ष नेतृत्व की सामूहिक राजनीतिक रणनीति के तहत होता है। लेकिन यह कहना कि किसी एक व्यक्ति—जैसे नितिन नवीन, अमित शाह, जे.पी. नड्डा या आरएसएस—के कहने पर ही इस्तीफा हुआ, इसका कोई सार्वजनिक प्रमाण अभी उपलब्ध नहीं है।

---

### कार्यालय ग्राम पंचायत सुनारी
### पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/110 | दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 42/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत सुनारी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा (वीबी-जी-रामजी)एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0556 UBN-ZNR2627GLOB00744

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत सुनारी
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत सुनारी
पंचायत समिति लाडनूँ

---

### कार्यालय ग्राम पंचायत तंवरा
### पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/353 | दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 46/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत तंवरा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा (वीबी-जी-रामजी)एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0563 UBN-ZNR2627GLOB00756

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत तंवरा
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत तंवरा
पंचायत समिति लाडनूँ

---

## समाज में समानता लाने की पहल

हाल में मध्य प्रदेश विधानसभा ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को मंजूरी दी। इसके साथ ही मध्य प्रदेश भी उत्तराखंड, गुजरात और असम की उस श्रेणी में शामिल हो गया, जिन्होंने समान नागरिक संहिता की दिशा में ठोस पहल की है। इन पहलों ने समान नागरिक संहिता पर राष्ट्रीय विमर्श को नई गति प्रदान की है। इसी क्रम में बंगाल ने भी समान नागरिक संहिता का प्रारूप तैयार करने के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित कर इस विषय पर अपनी पहल का संकेत दिया है। दूसरी ओर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 'आर एवं अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य' मामले में स्पष्ट किया है कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पाक्सो अधिनियम) के समक्ष कोई भी व्यक्तिगत विधि अपवाद का आधार नहीं बन सकती। ये घटनाक्रम इस तथ्य की ओर संकेत करते हैं कि समान नागरिक संहिता का प्रश्न अब केवल वैचारिक बहस का विषय नहीं रहा, बल्कि विधायी, राजनीतिक और न्यायिक, तीनों स्तरों पर गंभीर विचार का विषय बन चुका है। इसने व्यक्तिगत विधियों, संवैधानिक समानता तथा नागरिक अधिकारों से जुड़े इस प्रश्न को पुन: राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में स्थापित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि 1995 में सरला मुद्गल बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था, भारत एक पंथनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य है और धार्मिक स्वतंत्रता उसकी मूल सांस्कृतिक विशेषता है। किंतु ऐसी धार्मिक प्रथाएं, जो मानवाधिकारों तथा मानवीय गरिमा का उल्लंघन करती हैं, स्वतंत्रता नहीं, बल्कि दमन का स्वरूप ग्रहण कर लेती हैं। इसलिए उत्पीड़ित वर्गों की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने के लिए समान नागरिक संहिता आवश्यक है। सर्वोच्च न्यायालय की इस टिप्पणी के लगभग तीन दशक बाद भी समान नागरिक संहिता पूरे देश में समान रूप से लागू नहीं हो सकी है। समान नागरिक संहिता पर बहस नई नहीं है। संविधान सभा की बहस के दौरान अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर ने ध्यान आकर्षित किया कि ब्रिटिश राज में दंड विधि, संविदा विधि तथा संपत्ति के हस्तांतरण सहित अनेक नागरिक विधियां सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू थीं। उनके अनुसार यदि व्यापक नागरिक जीवन में विधिक एकरूपता स्वीकार की जा सकती है तो विवाह, उत्तराधिकार तथा पारिवारिक विधियों पर भी समान विधिक व्यवस्था पर विचार करना अस्वाभाविक नहीं माना जाना चाहिए। संविधान सभा के विमर्श से लेकर आज तक समय-समय पर यह आशंका व्यक्त की जाती रही है कि समान नागरिक संहिता सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती है।

---

### कार्यालय ग्राम पंचायत लुहारा
### पंचायत समिति बीदासर
#### जिला चूरू

क्रमांक:- 50-62 | दिनांक:- 22.07.2026

**खुली निविदा सूचना संख्या 01 ( वित्तीय वर्ष 2026-27 )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लुहारा पंचायत समिति बीदासर के अधीनस्थ ग्राम में वित्तीय वर्ष 2026-27 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म/शर्तें ऑफलाईन/कार्यालय में उपलब्ध है।

| क्र.सं. | बोली का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रूपये में) | बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में) | बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये में) | बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं उपलोड शुरू करने की दिनांक व समय | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ग्राम पंचायत लुहारा के समस्त गावों में घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, सड़क एवं नाली सफाई, तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य | 368836 | 7377 | 200 | 22.07.2026 10:00 AM | 28.07.2026 12:00 PM | 28.07.2026 03:00 PM |

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत लुहारा पंचायत समिति बीदासर से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं अमानत राशि के मूल डी.डी./बैंकर चैक की प्रति ऑफलाईन तकनीकी निविदा के साथ संलग्न कर अपलोड करनी होगी। साथ ही निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं अमानत राशि का डी.डी./बैंकर चैक निविदा खोलने की दिनांक तक जमा करानी होगी।

2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज ग्राम पंचायत लुहारा पंचायत समिति बीदासर, जिला चूरू के कार्यालय से व्यक्तिश: अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।

3. निविदा प्रपत्र शुल्क व अमानत राशि का डी.डी./बैंकर चैक सरपंच ग्राम पंचायत लुहारा/विकासअधिकारी, पंचायत समिति बीदासर के नाम बनाना होगा एवं प्रोसेसिंग शुल्क का डी.डी./बैंकर चैक के नाम देय होगा।

4. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं प्रतिभूति राशि दस्तावेजो को भौतिक रूप से कार्यालय में जमा कराने वाले निविदादाताओं की ही तकनीकी बोली खोली जावेगी।

5. तकनीकी-वाणिज्यिक/ क्वालिफाईड बिड कार्यालय में उपस्थित बोलीदाता/संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी व तकनीकी बोली में सफल बोलीदाता की ही वित्तीय बोली खोली जायेगी।

6. किसी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।

NIB:-ZCR2627A0523 UBN is: ZCR2627SSOB00730

प्रशासक
ग्राम पंचायत लुहारा
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लुहारा
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

# ट्रम्प बोले- अमेरिका के पास हथियारों की कोई कमी नहीं

## ईरान को फिर धमकी दी; खार्ग आइलैंड पर अटैक की एआई तस्वीर शेयर की

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी/तेल अवीव।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ तनाव के बीच अमेरिका के हथियार खत्म नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे पास दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार हैं, जरूरत से भी ज्यादा। ट्रम्प का यह बयान उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान के साथ लगातार टकराव की वजह से अमेरिका के पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का भंडार घट रहा है। बयान के तुरंत बाद ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कई एआई तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में ईरान के सबसे बड़े तेल निर्यात केंद्र खार्ग आइलैंड पर हवाई हमला दिखाया गया। इसके साथ उन्होंने लिखा- स्ट्राइक ऑन खार्ग। इसके बाद उन्होंने कुछ और एआई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें एक ईरानी तेल टैंकर पर अमेरिकी झंडा नजर आ रहा है। एक दूसरी तस्वीर में जहाज को उड़ता हुआ दिखाया गया, जिसके साथ लिखा था- नो मोर इंजन्स। अमेरिका ने तीन रात से ईरान पर हमला नहीं किया। इसके बाद ईरान ने भी अमेरिकी ठिकानों और हितों पर जवाबी कार्रवाई रोकने का ऐलान किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सारड़ी
## पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/64 दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 45/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत सारड़ी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा (वीबी-जी-रामजी)एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0562 UBN-ZNR2627GLOB00755

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत सारड़ी
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत सारड़ी
पंचायत समिति लाडनूँ

## कार्यालय ग्राम पंचायत ओड़िंट
## पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/28 दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 47/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत ओडिंट में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा (वीबी-जी-रामजी) एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0564 UBN-ZNR2627GLOB00757

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत ओडिंट
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत ओडिंट
पंचायत समिति लाडनूँ

## कार्यालय ग्राम पंचायत ध्यावा
## पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/53 दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 44/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत ध्यावा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा (वीबी-जी-रामजी)एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0561 UBN-ZNR2627GLOB00754

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत ध्यावा
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत ध्यावा
पंचायत समिति लाडनूँ

## कार्यालय ग्राम पंचायत बाकलिया
## पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/130 दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 49/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत बाकलिया में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा (वीबी-जी-रामजी) एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0566 UBN-ZNR2627GLOB00759

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत बाकलिया
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत बाकलिया
पंचायत समिति लाडनूँ

## कार्यालय ग्राम पंचायत छपारा
## पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/761 दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 50/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत छपारा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा (वीबी-जी-रामजी)एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0567 UBN-ZNR2627GLOB00760

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत छपारा
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत छपारा
पंचायत समिति लाडनूँ

## कार्यालय ग्राम पंचायत बुगाला
## पंचायत समिति नवलगढ़

**जिला झुन्झुनूं ( राज. )**

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/54 दिनांक:- 24/07/2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुगाला की ढाणी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc,rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।

NIB NO. ZJU2627A0467
UBN NO. ZJU2627SSRC00886
Tender id :- 2026_PRD_577998_1

प्रशासक
ग्राम पंचायत बुगाला
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बुगाला
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## कार्यालय ग्राम पंचायत पहाड़िला
## पंचायत समिति नवलगढ़

**जिला झुन्झुनूं ( राज. )**

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/35-39 दिनांक:- 27/07/2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पहाड़िला की ढाणी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc,rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।

NIB NO. ZJU2627A0471
UBN NO. ZJU2627SSRC00912
Tender id :- 2026_PRD_578168_1

प्रशासक
ग्राम पंचायत पहाड़िला
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पहाड़िला
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## कार्यालय ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी
## पंचायत समिति नवलगढ़

**जिला झुन्झुनूं ( राज. )**

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/160 दिनांक:-27/07/2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी की ढाणी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc,rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।

NIB NO. ZJU2627A0468
UBN NO. ZJU2627SSRC00887
Tender id :- 2026_PRD_577960_1

प्रशासक
ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

# जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत्त सीकर चुन्नीलाल ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 एवं जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 28 जुलाई मंगलवार को सायं 4 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार, सीकर में आयोजित की जाएगी।

# सड़क निर्माण कार्य पूरा करवाने की मांग



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** वार्ड नंबर 28 के लोगों ने निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र प्रजापत के नेतृत्व में आयुक्त के नाम नगर परिषद में चल रहे शिविर में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड नं 28 मौहल्ला नया बास में झंवर स्कूल के पास से लेकर मूलचंद शर्मा के घर तक की सीसी रोड का निर्माण कार्य होना था, जो कि अधूरा पड़ा है। बरसात का मौसम है, रोड को तोड़ा जा चुका है और उसमें निर्माण नहीं हुआ है। लोगों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा करवाए जाने की मांग की है। लोगों ने सहायक नगर नियोजक उदय सिंह को बताया कि ठेकेदार द्वारा अत्यधिक निम्न दरों में ठेका लिए जाने के कारण गुणवता का बिल्कुल भी इस सड़क निर्माण में ध्यान नहीं रखा जा रहा है, इसलिए नियमानुसार उच्च गुणवत्ता वाली सड़क का निर्माण करवाया जाए। इस दौरान वार्ड के अनेक लोग मौजूद रहे।

# 2 को होगा सहपाठी समूह का छठा वार्षिक समारोह

निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद के सामाजिक संगठन रामचंद्र गोयनका स्कूल पूर्व सहपाठी समूह द्वारा आगामी 2 अगस्त को छठे वार्षिक स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समूह के सदस्यों ने बताया कि डूंडलोद के सामुदायिक भवन में आयोजित होने वाले इस समारोह में 16 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, नवलगढ़ के बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा महिला पर्यवेक्षकों का सम्मान किया जाएगा। गौरतलब है कि रामचंद्र गोयनका स्कूल पूर्व सहपाठी समूह सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहा है।

समूह द्वारा वर्षभर सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। वहीं पूर्व में आयोजित वार्षिक समारोहों में शिक्षकों, सेना एवं अर्द्धसैनिक बलों के जवानों, चिकित्सकों तथा नर्सिंग स्टाफ का सम्मान कर समाज में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले लोगों का उत्साहवर्धन किया जा चुका है।

# जयपुर टाइगर फेस्टिवल में बाघ संरक्षण पर मंथन 29 जुलाई को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर 29 जुलाई को मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में सुबह 8:30 से 10 बजे तक बाघ संरक्षण-संवाद आयोजित किया जाएगा। जयपुर टाइगर फेस्टिवल के तहत होने वाले इस कार्यक्रम में बाघ संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन तथा भारतीय संस्कृति में बाघ और शेर के महत्व पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे। संवाद में प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार, गायक एवं वन्यजीव संरक्षक अभिषेक रे, सरिस्का टाइगर रिजर्व एवं केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के पूर्व फील्ड डायरेक्टर सुनयन शर्मा तथा वन्यजीव फोटोग्राफर आरजू खुराना वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का बीज वक्तव्य एवं संचालन साहित्य अकादमी सम्मानित साहित्यकार और स्तंभकार डॉ राजेश कुमार व्यास करेंगे। कार्यक्रम संयोजक अरुण नारंग ने बताया कि संवाद में बाघ और शेर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्ता के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में उनकी भूमिका पर विशेष चर्चा होगी। वहीं सह-संयोजक शुभम अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बाघ संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक चेतना के बीच गहरे संबंधों को रेखांकित करते हुए समाज में जन-जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन वन्यजीव संरक्षण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। संवाद के दौरान जयपुर टाइगर फेस्टिवल और प्रोजेक्ट टाइगर के माध्यम से बाघों, वनों और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर झुंझुनू स्थित चंचलनाथ टीले पर 29 जुलाई को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पूरे टीले परिसर, मंदिर एवं समाधि स्थल को जीवंत पुष्प सज्जा तथा रंग-बिरंगी आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक आभा से आलोकित रहेगा। टीले के संत विचारनाथ महाराज ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: सवा 7 बजे गुरु परंपरा के अनुसार ओमनाथ महाराज द्वारा अपने गुरुओं की समाधि स्थलों पर भोग अर्पित करने, पुष्पांजलि अर्पण तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना से होगा। इसके पश्चात विचारनाथ महाराज अपने पूज्य गुरुदेव ओमनाथ महाराज का विधिवत पूजन करेंगे।

गुरु पूजा के दौरान शिष्य गुरुदेव का तिलक कर पुष्पमाला अर्पित करेंगे तथा फल, फूल, नारियल, मिठाई, वस्त्र एवं श्रद्धा भेंट समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। गुरु चरणों में नमन कर उनकी आरती उतारेंगे, गुरु वंदना का गायन करेंगे तथा गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे। महोत्सव के दौरान चूरू, सीकर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिष्य एवं श्रद्धालु उपस्थित होंगे। वे भक्तिभाव से भजन-कीर्तन प्रस्तुत करेंगे, जिससे पूरा परिसर भक्तिरस से सराबोर हो जाएगा। कार्यक्रम में गुरु महिमा का गुणगान, सत्संग एवं आशीर्वचन भी होंगे।

# महिला सुरक्षा संकल्प अभियान : 2936 शिक्षण संस्थानों में पहुंचा राजस्थान पुलिस का सुरक्षा संदेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस के महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के चौथे सप्ताह में प्रदेशभर में महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता और जनसहभागिता को लेकर व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस ने 2398 विद्यालयों और 538 महाविद्यालयों सहित कुल 2936 शिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन जागरूकता कार्यशालाओं के माध्यम से 2.70 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं तक महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और कानूनी अधिकारों का संदेश पहुंचाया। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में संचालित अभियान के तहत सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने छात्र-छात्राओं एवं युवाओं के साथ ऑनलाइन संवाद, जागरूकता कार्यशालाओं तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठकों का आयोजन किया। अभियान की नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



कम्युनिटी पुलिसिंग सुनीता मीना ने बताया कि चौथे सप्ताह के दौरान आयोजित ऑनलाइन कार्यशालाओं में 270075 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशालाओं में महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, गुड टच-बैड टच, महिला अधिकार, आत्मरक्षा, हेल्पलाइन सेवाओं और राजकॉप सिटीजन ऐप के प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। जिलावार प्रदर्शन में कोटपूतली ने 74 विद्यालयों और 11 महाविद्यालयों के माध्यम से 21580 विद्यार्थियों को जोड़कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। वहीं चित्तौड़गढ़ में 344 विद्यालयों और छह महाविद्यालयों के 23200 विद्यार्थियों तथा झालावाड़ में 242 विद्यालयों और 12 महाविद्यालयों के 17778 विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा और साइबर जागरूकता की जानकारी दी गई। इसके अलावा उदयपुर में 14563 और कोटा शहर में 14531 छात्र-छात्राओं ने कार्यशालाओं में भाग लिया। शैक्षणिक संस्थानों की संख्या के लिहाज से झुंझुनू जिला सबसे आगे रहा, जहां 117 विद्यालयों और 85 महाविद्यालयों के 4823 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। वहीं पाली में 13751, बांसवाड़ा में 13420 तथा राजसमंद में 8762 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन कार्यशालाओं के माध्यम से आत्मरक्षा, महिला अधिकारों और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। अभियान के तहत महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय बैठकें भी आयोजित की गईं। बैठकों में महिला सुरक्षा कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, पीड़ित सहायता तंत्र को मजबूत करने, त्वरित पुलिस कार्रवाई, साइबर सुरक्षा जागरूकता, महिला हेल्पलाइन सेवाओं और राजकॉप सिटीजन ऐप के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया गया। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा संकल्प अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं बल्कि महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और विश्वासपूर्ण वातावरण तैयार करना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से महिला सुरक्षा को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आगामी चरणों में भी नवाचार आधारित गतिविधियों और व्यापक जनसहभागिता के माध्यम से महिला सुरक्षा का संदेश प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाया जाएगा।

# भेड़-बकरियों की रखवाली के विवाद में रिश्तेदार की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के भांकरोटा थाना क्षेत्र में भेड़-बकरियों की रखवाली को लेकर हुए मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। पहरेदारी को लेकर कहासुनी के बाद एक व्यक्ति ने अपने रिश्तेदार की लाठी और पत्थर से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। जयपुर पश्चिम के पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि बागरियों की ढाणी जयपुर ग्रामीण निवासी 46 वर्षीय कालूराम बागरिया की हत्या के मामले में गिदानी जयपुर ग्रामीणनिवासी 43 वर्षीय हरदेव बागरिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में हत्या करना स्वीकार कर लिया है। डीसीपी ने बताया कि 26 जुलाई को जयसिंहपुरा स्थित बीड़ की



ढाणी में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर भांकरोटा थाना प्रभारी दीपक त्यागी पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल की जांच और साक्ष्यों के आधार पर मामला हत्या का प्रतीत होने पर विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। बाद में मृतक की पहचान बागरियों की ढाणी निवासी कालूराम बागरिया के रूप में हुई।

इस मृतक के बेटे रामदेव ने भांकरोटा थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता पिछले करीब 25 दिनों से रिश्तेदार हरदेव बागरिया के साथ भेड़-बकरियां चराने के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाते थे। रात में दोनों खुले मैदान में मवेशियों को रोककर बारी-बारी से उनकी रखवाली करते थे। उसने रिपोर्ट में हरदेव पर हत्या का संदेह जताया। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों ने बीड़ की ढाणी स्थित श्रीनाथ विहार कॉलोनी के एक खाली प्लॉट में अपनी भेड़-बकरियों को रोक रखा था। दोनों के बीच मवेशियों की रखवाली के लिए समय निर्धारित था। घटना वाली रात हरदेव ने रात दो बजे तक पहरा दिया और उसके बाद कालूराम को जगाकर जिम्मेदारी सौंपी। कुछ देर बाद कालूराम दोबारा सो गया, जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। जांच में यह भी सामने आया कि इसी बात को लेकर दोनों के बीच पहले भी कई बार कहासुनी हो चुकी थी।

पुलिस के अनुसार मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। गुस्से में हरदेव ने पास में पड़े पत्थर और लाठी से कालूराम पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लाठी बरामद कर ली है। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। मामले की जांच पूरी होने के बाद उसके खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया जाएगा।

# राजस्थान पुलिस एसआई भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा तीन अगस्त

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी की ओर से आयोजित उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के लिखित परीक्षा परिणाम के बाद भर्ती प्रक्रिया का अगला चरण शुरू होने जा रहा है। लिखित परीक्षा में सफल 20,798 अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा पीईटी 3 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक प्रदेश के आठ रेंज मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रवेश-पत्र जल्द जारी किए जाएंगे। उप महानिरीक्षक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड मनोज कुमार ने बताया कि आरपीएससी ने लिखित परीक्षा 5 और 6 अप्रैल 2026 को आयोजित की थी, जिसका परिणाम 19 जून 2026 को घोषित किया गया। अब पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित बोर्ड लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि पीईटी जयपुर दो परीक्षा केंद्र, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, भरतपुर, बीकानेर और अजमेर रेंज मुख्यालयों पर होगी। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि, समय और परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। परीक्षा के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मनोज कुमार ने बताया कि प्रवेश-पत्र शीघ्र जारी किए जाएंगे, जिन्हें अभ्यर्थी अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश-पत्र के साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि वे महानिदेशक पुलिस, राजस्थान के स्थायी आदेश संख्या-10/2025 में निर्धारित पाठ्यक्रम एवं शारीरिक दक्षता मानकों के अनुरूप तैयारी करें। पुलिस भर्ती बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा से संबंधित सभी सूचनाएं राजस्थान पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट तथा प्रमुख समाचार पत्रों के माध्यम से जारी की जाएंगी।

अभ्यर्थियों से नियमित रूप से राजस्थान पुलिस की वेबसाइट का अवलोकन करते रहने की अपील की गई है।

# रिहायशी मकान से किया 820 लीटर अवैध तारपीन जब्त

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आदर्श नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घनी आबादी वाले रिहायशी इलाके में अवैध रूप से संग्रहित 820 लीटर ज्वलनशील तारपीन जब्त किया है। बिना किसी वैध लाइसेंस और सुरक्षा इंतजाम के एक मकान में भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ का भंडारण किया जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी तारपीन को छोटी-छोटी बोतलों में भरकर अवैध रूप से सप्लाई करता था। आदर्श नगर थाना प्रभारी छगन डांगी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सी-168 स्थित एक मकान में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील केमिकल का अवैध भंडारण किया गया है। इस पर अमृतपुरी स्थित अलेक्जेंडर कॉलोनी में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अजीमुद्दीन पुत्र नसीमुद्दीन के मकान से 20-20 लीटर क्षमता के 30 प्लास्टिक जेरिकेन तथा 220 लीटर क्षमता का एक बड़ा ड्रम बरामद किया। इन सभी में कुल




820 लीटर तारपीन भरा हुआ मिला। पुलिस ने पूरा जखीरा जब्त कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी के पास पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव्स सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन का लाइसेंस, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल की अनापत्ति प्रमाण-पत्र स्थानीय निकाय का ट्रेड लाइसेंस तथा फायर एनओसी जैसी कोई भी अनिवार्य अनुमति उपलब्ध नहीं थी। इसके बावजूद वह अपने रिहायशी मकान में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ का भंडारण कर उसे छोटी-छोटी बोतलों में भरकर बाजार में सप्लाई कर रहा था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार संकरी गली और घनी आबादी के बीच इतनी बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ का अवैध भंडारण स्थानीय लोगों की जान-माल के लिए गंभीर खतरा था। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि मकान में आग से बचाव के लिए किसी प्रकार का अग्निशमन यंत्र या अन्य सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं था। ऐसी स्थिति में मामूली चिंगारी या लापरवाही भी पूरे इलाके में बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी इतनी बड़ी मात्रा में तारपीन कहां से खरीदकर लाता था और किन-किन क्षेत्रों में इसकी अवैध सप्लाई की जा रही थी। पुलिस पूरे सप्लाई नेटवर्क और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# अजमीढ़ मन्दिर का स्थापना दिवस 31 को

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** महाराजा अजमीढ़ देव मन्दिर का 17 वां स्थापना दिवस 31 जुलाई को अजमीढ़ धाम (जीणमाता) में मनाया जाएगा। महाराजा अजमीढ़ स्मृति जन कल्याण संस्थान अध्यक्ष प्रभुदयाल डांवर, संरक्षक नरेश नारनोली व कोषाध्यक्ष विनोद सुनालिया बाघोली वाले ने बताया कि 30 जुलाई को रात्रि भजन संध्या होगी जिसमें समाज के अनेक स्थानों से आए कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। 31 जुलाई को सुबह सवा 8 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी जो गाजे बाजे के साथ जगदम्बा धर्मशाला जीणमाता से अजमीढ़ धाम आएगी।

मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा होंगे। अध्यक्षता समंदर सिंह कचेरा पिलानी वाले करेंगे। सवा 10 बजे दीप प्रज्वलन व सामूहिक आरती होगी। उसके बाद सन्तों द्वारा उद्बोधन व सम्मान समारोह होगा जिसमें भामाशाहों, नए सदस्यों, नि:शुल्क सेवा प्रदाताओं व कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा।

## अमायरा सुसाइड केस में परिजनों ने कहा-क्रूरता की धारा जुड़े

**जयपुर।** अमायरा सुसाइड केस में परिजनों के प्रार्थना पत्र पर जयपुर महानगर प्रथम की एसीजेएम-10 कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई पूरी कर ली। इस पर कोर्ट मंगलवार को फैसला सुना सकता है। परिजनों ने पुलिस द्वारा पेश चालान (चार्जशीट) पर सवाल खड़े करते हुए स्कूल प्रबंधन और प्रिंसिपल पर भी बच्चे के प्रति क्रूरता और सभी आरोपियों पर बच्चे को आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा लगाने की मांग की। सुनवाई के दौरान परिजनों की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता अमित शर्मा ने कहा- मामले में पुलिस ने केवल क्लास टीचर के खिलाफ जेजे एक्ट की धारा 47 के तहत आरोप प्रमाणित माना है। वहीं स्कूल प्रिंसिपल और प्रबंधन बराबर के दोषी हैं।

**PUBLIC NOTICE**

The general public is hereby informed that the alleged unregistered Partnership Deeds signed in or around June-July 2022 between my clients (1) Shri Ramu Ram S/o Shri Hukma Ram Rahar, R/o Dhadheru Godaran, Bhamuwan, District Churu (Raj.) and (2) Shri Khema Ram S/o Shri Tejaram, R/o Ward No. 1, Near Bus Stand, Jegniya Bidawatan, Tehsil Ratangarh, District Churu (Raj.), on the one part, and Shri Ajay Raj Singh Choudhary S/o Shri Govind Ram Choudhary, R/o Kiramsariya Khurd, Osian, District Jodhpur (Raj.) and Smt. Rachna C/o Shri Harbhajan, R/o Jaipur (Raj.), on the other part, in respect of M/s Alsar Bass Solar Power Plant and M/s Nardiya Taal Solar Power Plant, District Churu, have been rescinded and terminated by legal notice dated 23.07.2026, and the alleged partnership firms stand dissolved with effect from the date of receipt of the said notice. The said Shri Ajay Raj Singh Choudhary and Smt. Rachna have no right or authority whatsoever to deal with, transact, contract, represent, sign or act in respect of the said firms, the Letters of Award dated 08.07.2020, the Power Purchase Agreements dated 29.07.2022 and 30.07.2022, or the lands of my clients situated at village Alsar Bass (P.S. Ratangarh) and village Nardiya Taal (P.S. Bidasar), District Churu. Any person, firm, institution, bank, financial institution or department dealing with the said two persons in respect of the above firms, lands or projects shall do so entirely at their own risk, cost and responsibility, and my clients shall not be liable or responsible for the same in any manner.

**SUKHDEVA RAM (ADVOCATE)**
**Mob. 9462364454**

**नाम परिवर्तन**

मैं मो मोईन पुत्र महमूद निवासी मोहल्ला काजीवाडा वार्ड नं. 33 मदीना मस्जिद के पास झुंझुनूं (राज.)। मैंने मेरा नाम मोईन से बदलकर मो मोईन रख लिया है अत: भविष्य में मो मोईन के नाम से जाना व पहचाना जावे। सभी उद्देश्यों के लिए।

**नाम परिवर्तन**

मैं मोहद आसीफ चौपदार पुत्र मोहम्मद सफी निवासी गुढ़ागौड़जी तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुंझुनूं (राज.)। मेरे पासपोर्ट नं. K5181073 में मेरा नाम आसीफदर्ज है। जबकि मेरा सही नाम मोहद आसीफ चौपदार (MOHD ASIF CHOPDAR) है अत: भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे व पासपोर्ट में भी दुरुस्त करे।

**नाम परिवर्तन**

मैं अनिता बरवड़ पत्नी महेन्द्र सिंह निवासी हेतमसर तहसील मण्डावा जिला झुंझुनू (राज.)। मेरे पुत्र कुशल के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम अनिता दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम अनिता बरवड़ है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

**आम सूचना**

मैं मकसूद पुत्र स्व. इस्माईल जाति कायमखानी निवासी वार्ड संख्या 22 अजाडी कॉलोनी झुन्झुनू तहसील व जिला झुन्झुनू (राज.)। यह कि मेरी चल व अचल सम्पति अजाडी कॉलोनी, झुन्झुनू में स्थित है। हम पति-पत्नी वृद्ध है चलने फिरने में असमर्थ है। मेरा पुत्र आबिद व पुत्रवधु साहिन पत्नी आबिद मेरे कहने सुनने में नही है। मुझे व मेरी पत्नी को शारीरिक व मानसिक पीड़ा दे रहे है तथा गाली-गलौच व मारपीट करने पर उतारू रहते है तथा ना ही हमारा पति-पत्नी का भरण पोषण कर रहे है। इसलिए में अपने पूर्ण होश हवाश में मेरे पुत्र आबिद व पुत्रवधु साहिन को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं भविष्य में कोई भी व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का कोई लेनदेन रखता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वंय होगा। हमारी पति-पत्नी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**नाम परिवर्तन**

हम पवन कुमार सैनी पुत्र कैलाश चन्द्र सैनी व पिंकी देवी पत्नी पवन कुमार सैनी निवासी मोहल्ला नागरपुरा वार्ड नं. पुराना 19 नया 24 झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू (राज.)। हमारी पुत्र साक्षी सैनी (SAKSHI SAINI) के स्कूल रिकॉर्ड में माता का नाम पिंकी सैनी (PINKI SAINI) दर्ज है। जबकि उसकी माता का सही नाम पिंकी देवी (PINKI DEVI) है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

# तहसील अध्यक्ष बने योगेश कुमार चौधरी

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन पूर्वी राजस्थान अग्रवाल संगठन ने समाज सेवा और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से श्रीमाधोपुर निवासी योगेश कुमार चौधरी को श्रीमाधोपुर तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन की ओर से जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार योगेश कुमार चौधरी पुत्र सुरज्ञान चंद चौधरी निवासी न्यू अग्रसेन कॉलोनी, वार्ड नंबर 19, श्रीमाधोपुर को उनकी सामाजिक सक्रियता एवं सेवा कार्यों को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। नियुक्ति पत्र पर अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, सीकर जिला अध्यक्ष सुभाष चन्द्र चेतानी के हस्ताक्षर हैं। संगठन ने विश्वास जताया है कि योगेश कुमार चौधरी राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल के नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही समाज के लोगों, शुभचिंतकों और परिचितों ने योगेश कुमार चौधरी को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# एनजीओ ने किया वृक्षारोपण



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ब्रह्मचारी आश्रम श्रीमाधोपुर में आदर्श एनजीओ के तत्वावधान में एनजीओ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष समाजसेवी राकेश कुमार सैनी के जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर साड़ी, आलू बुखारा, करंज, फिक्स आदि के पेड़ लगाए गए। साथ ही ब्रह्मचारी आश्रम में स्थित गौशाला में गायों को हरा चारा दलिया आदि भी खिलाया गया। इस अवसर पर राजपाल सिंह चौधरी, कोषाध्यक्ष बलदेव सैनी, उपाध्यक्ष पिंटू सैनी, कोर कमेटी सदस्य विक्रम कुमार सैनी, सह संरक्षक लोकेश कुमार सैनी, सलाहकार मोहनलाल सैनी, भगवान सहाय आरबी स्कूल, संदीप सैनी, सुरेंद्र कुमार सैनी, राजेंद्र कुमावत, विकास नामदेव आदि एनजीओ के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी देते हुए पर्यावरण प्रेमी राजू बागवान ने बताया की कुल 11 पेड़ लगाए गए और सैकड़ो गायों को चारा खिलाया गया।

# गुरुपूर्णिमा महोत्सव 29 को

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के गांव रतनादेसर नुवाँ की रोही में स्थित सजना शक्ति मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 संत शिरोमणि कुंभभारती महाराज के सानिध्य में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव तथा वृक्षारोपण आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से किया जाएगा। मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रमुख कृषि मंडी के पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर सारस्वत ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सघन वृक्षारोपण के पश्चात मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा प्रसादी सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा । सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ अध्यापक शिवकरण सारस्वत ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने मां शक्ति के सभी भक्तों को कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। गौरतलब है कि इस मंदिर के आसपास 6 महीने पहले कुछ नहीं था। आज मंदिर का जीर्णोद्धार, मंदिर के पास गौशाला, गौ माताओं के लिए छायादार शेड, विशाल चारागृह, भक्तों के लिए कमरे, विश्रामगृह, पेयजल हेतु ट्यूबेल आदि का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इस पवित्र कार्य में 6 माह में ही एक करोड रुपए से अधिक की धनराशि का निर्माण हो चुका है। ओम सारस्वत ने बताया कि यह शक्ति मंदिर साढ़े तीन सौ वर्ष प्राचीन विरासत है। यहां स्थापित शक्ति की प्रतिमा अलौकिक व चमत्कारी है।

# एन.सी.सी. नामांकन 16 अगस्त को

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) के सीनियर डिवीजन (बालक) एवं सीनियर विंग (बालिका) के लिए सत्र 2026-27 का नामांकन 16 अगस्त को प्रातः 8 बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि एन.सी.सी. में प्रवेश के इच्छुक नियमित छात्र-छात्राओं को निर्धारित आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित 13 अगस्त 2026 तक महाविद्यालय के कक्ष संख्या 06 की खिड़की में जमा कराना अनिवार्य होगा। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ मूल दस्तावेज भी सत्यापन हेतु प्रस्तुत करने होंगे। चयन प्रक्रिया में शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक दक्षता, दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी पात्र एवं इच्छुक छात्र-छात्राओं से समय पर आवेदन प्रस्तुत कर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने का आग्रह किया है।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, सीकर गार्गी शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में 31 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बालक एवं बालिकाएं, जिन्होंने वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, वे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 हेतु उपयुक्त नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक बालक एवं बालिकाएं राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# देशव्यापी गौ सम्मान आह्वान हस्ताक्षर अभियान के तहत 372684 हस्ताक्षर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम सौंपे

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** देशव्यापी गो सम्मान आह्वान हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत केशव आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में संतों के सानिध्य में विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीले के पीठाधीश्वर ओमनाथ महाराज, अनिल दास महाराज शाकम्भरी, साध्वी योगश्री कोटबांध तथा सावंत दास महाराज धनावता सहित अनेक संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ गोमाता एवं भारत माता के चित्र के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। संत-महात्माओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसके पश्चात हरे रामा-हरे कृष्णा संकीर्तन मंडली द्वारा भक्ति संकीर्तन प्रस्तुत किया गया। पूरे वातावरण में गोभक्ति एवं राष्ट्रभक्ति की अनुपम छटा देखने को मिली। कार्यक्रम संयोजक रूपेश तुलस्यान एवं उमाशंकर महमिया ने बताया कि देशव्यापी 40 करोड़ हस्ताक्षरों के लक्ष्य वाले इस अभियान के अंतर्गत झुंझुनू जिले से 372684 गोभक्तों के हस्ताक्षर एकत्र किए गए। यह उपलब्धि जिले के शहरों, कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसहभागिता से संभव हुई। अभियान में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, गोरक्षा दल, जिला गो सेवा समिति, विभिन्न गौशालाओं, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों तथा हजारों गोभक्तों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन रामगोपाल महमिया ने किया। संगोष्ठी में अभियान से जुड़े सभी तहसील अध्यक्षों एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं का संत-महात्माओं द्वारा माला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में संत-महात्माओं ने कहा कि गाय बचेगी तो संस्कृति बचेगी।

उन्होंने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और राष्ट्र की आध्यात्मिक चेतना का साक्षात स्वरूप हैं। कलियुग में गोसेवा सबसे बड़ा पुण्य एवं राष्ट्रसेवा का श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने कहा कि गोमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए केवल सरकारों पर निर्भर रहने के बजाय समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर जनजागरण करना होगा। संगठित जनशक्ति और लोकतांत्रिक प्रयासों से ही गोसंरक्षण का उद्देश्य सफल हो सकता है। संगोष्ठी के उपरांत संतों के सानिध्य में सैकड़ों गोभक्तों ने गोमाता की जय एवं भारत माता की जय के जयघोष के साथ विशाल रैली निकाली। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई जिला कलक्ट्रेट पहुँची, जहाँ जिला कलक्टर अरुण गर्ग को पेन ड्राइव के माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम 372684 हस्ताक्षरों सहित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि संपूर्ण भारत में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, गोमाता को राष्ट्रमाता अथवा राष्ट्रीय आराध्य का संवैधानिक सम्मान प्रदान किया जाए, गोसेवा के लिए केंद्रीय कानून एवं केंद्रीय गोसेवा मंत्रालय का गठन किया जाए तथा गोचर भूमि संरक्षण, चारे की स्थायी नीति एवं गो-आधारित कृषि को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहन दिया जाए। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में गोरक्षा दल के प्रवीण स्वामी ने जिला कलक्टर को पगड़ी भेंट करते हुए घोषणा की कि जब तक गोमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा प्राप्त नहीं हो जाता, तब तक वे स्वयं पगड़ी धारण नहीं करेंगे। उनके इस संकल्प का उपस्थित गोभक्तों ने जोरदार समर्थन किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सतीश गजराज के विशेष सहयोग के लिए आयोजन समिति ने उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक कमल स्वामी, जिला गो सेवा समिति के अध्यक्ष ताराचंद भोड़कीवाला, प्रवीण स्वामी गोरक्षा दल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, जयराज जांगिड़ विश्व हिंदू परिषद, रेखा सैनी खेतड़ी प्रभारी, श्रीकांत पंसारी, अनूप गाडिया, विकास डुमौली पिलानी, शंकरलाल शर्मा डुंडलोद, रविन्द्र तौलियासर, नरेंद्र सिंह शेखावत, राकेश सहल, सम्पत पुरोहित, प्रवीण योगी, संजय वर्मा, सुनील सैनी, संत कुमार निर्मल, सुभाष क्यामसरिया, सुमेर सिंह जाखोदया, पंकज टेलर, वेदप्रकाश महणसरिया, धीरज हिसारिया, अमित जांगिड़, राजू बुहाना, हिमांशु सिंघाना, सेंटी चिड़ावा, बादशाह खेतड़ी, विजेंद्र मलसीसर, भैरू उदयपुरवाटी, विनोद नायक सहित बड़ी संख्या में गोभक्त एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया ने जिलेभर से पधारे सभी संत-महात्माओं, गोभक्तों, सामाजिक संगठनों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोमाता के सम्मान, संरक्षण एवं संवैधानिक अधिकारों की यह मुहिम जन-जन तक पहुँचाई जाएगी। संगोष्ठी का समापन इस सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि गोमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए राष्ट्रव्यापी जनजागरण को और अधिक व्यापक एवं सशक्त बनाया जाएगा।

# होटल में शराब पार्टी के बाद युवक की हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के बिंदायका थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में युवक का शव मिलने के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए हत्या के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक मृतक का दूर का रिश्तेदार है। पुलिस जांच में सामने आया कि होटल में शराब पार्टी के दौरान खर्चे को लेकर हुए विवाद में दोनों ने मिलकर युवक की गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए, खाटूश्यामजी जाकर प्रायश्चित किया और पुलिस से बचने के तरीके सीखने के लिए यूट्यूब पर वीडियो भी देखते रहे। जयपुर पश्चिम के पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि हत्या के आरोप में संजय कुमार कासोटिया और नितेश गवारिया को गिरफ्तार किया गया है। दोनों से पूछताछ जारी है। डीसीपी ने बताया कि 25 जुलाई को बिंदायका थाना क्षेत्र के एक होटल में दिनेश उर्फ दंशी का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि दिनेश अपने साथियों संजय कुमार कासोटिया और नितेश गवारिया के साथ होटल में ठहरा था लेकिन घटना के बाद दोनों आरोपी फरार थे। उनके मोबाइल भी बंद मिले, जिससे पुलिस का संदेह उन पर गहरा गया। थानाधिकारी अनिल जैमिनी के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गईं। सूचना मिलने पर एसआई गोवर्धन सिंह, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमावत और कांस्टेबल श्रीराम को तत्काल दौसा रवाना किया गया। पुलिस टीम ने दौसा में कई होटलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, प्रमुख मार्गों और टोल प्लाजा पर लगे करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। मुखबिर की सूचना पर भांडारेज रोड स्थित गोविंददेवजी मंदिर के पास एक चाय की थड़ी पर दोनों संदिग्धों के होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम के पहुंचते ही दोनों भागने लगे लेकिन कांस्टेबल श्रीराम ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में दोनों ने अपनी पहचान संजय कुमार कासोटिया और नितेश गवारिया के रूप में बताई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त गमछा भी घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर से बरामद कर लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि मृतक दिनेश और आरोपी नितेश अच्छे मित्र थे। दिनेश को पैसों की आवश्यकता थी और नितेश का परिचित संजय लोगों को लोन दिलाने का काम करता था। इसी सिलसिले में तीनों 24 जुलाई की सुबह करीब सवा 11 बजे होटल के एक कमरे में मिले। वहां तीनों ने शराब पार्टी की। पार्टी के खर्चे को लेकर तीनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर नितेश और संजय ने मिलकर दिनेश के गमछे से उसका गला घोंट दिया जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि हत्या के बाद दोनों आरोपियों ने अपने मोबाइल फ्लाइट मोड पर कर दिए। मृतक का मोबाइल भी अपने साथ ले गए और उसकी सिम जयपुर रेलवे स्टेशन के पास तोड़कर फेंक दी। इसके बाद दोनों दौसा पहुंचे, जहां होटल में रुकने के दौरान मोबाइल को होटल के वाई-फाई से जोड़कर यूट्यूब पर हत्या की सजा और पुलिस से बचने के तरीकों से जुड़े वीडियो देखते रहे। इसके बाद प्रायश्चित करने के लिए खाटूश्यामजी गए और फिर वापस दौसा लौट आए। पुलिस के अनुसार दोनों गुजरात या किसी अन्य राज्य में भागने की योजना बना रहे थे। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं। फिलहाल उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है और अनुसंधान पूरा होने के बाद न्यायालय में चालान पेश करेगी।

# लोकेश अग्रवाल बने झुंझुनू के युवा चेयरमैन

## यह केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी : लोकेश

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अग्रवाल समाज के युवा नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन, पूर्वी राजस्थान युवा इकाई ने समाजसेवी एवं संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता लोकेश अग्रवाल को पदोन्नति प्रदान करते हुए झुंझुनू जिले का युवा चेयरमैन नियुक्त किया है। संगठन द्वारा जारी मनोनयन पत्र में उनकी समाज सेवा, संगठन के प्रति समर्पण, सक्रिय कार्यशैली एवं युवाओं को जोड़ने में निभाई गई प्रभावी भूमिका को इस महत्वपूर्ण दायित्व का आधार बताया गया है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि अग्रवाल नए दायित्व का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए झुंझुनू जिले में युवा संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उनके नेतृत्व में समाज के युवाओं को संगठित करने, सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा सेवा, शिक्षा, संस्कार एवं जनहित के कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई गई है। यह नियुक्ति अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश नेतृत्व की अनुशंसा एवं स्वीकृति से की गई है। मनोनयन पत्र पर प्रदेश युवा अध्यक्ष रोहित गर्ग, प्रदेश युवा महामंत्री विष्णु चौधरी तथा प्रदेश युवा महामंत्री संदीप बजाज के हस्ताक्षर हैं। वहीं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष नन्दलाल अग्रवाल, राष्ट्रीय युवा महामंत्री दीपक जाजोदिया, राष्ट्रीय युवा महामंत्री संजीव अग्रवाल, प्रदेश युवा अध्यक्ष अशोक गर्ग तथा प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार मित्तल, जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर जालान सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। नवनियुक्त जिला युवा चेयरमैन लोकेश अग्रवाल ने संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक पद नहीं बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और बढ़ाने वाला दायित्व है। उन्होंने कहा कि वे अग्रवाल समाज के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ने, समाज में एकता एवं भाईचारे को मजबूत करने, सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को विस्तार देने तथा सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को नई गति देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस नियुक्ति पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश मंत्री सुरेंद्र हलवाई, अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार हलवाई, सचिव अजीत राणासरिया, कोषाध्यक्ष रितेश सिंघानिया, शेखावाटी रेलवे संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल सहित झुंझुनू जिले व प्रदेशभर के अग्रवाल समाज में हर्ष का वातावरण है। समाज के वरिष्ठजनों, सामाजिक संगठनों, युवा कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा समाजहित के नए आयाम स्थापित होंगे।

# बदलती पुलिसिंग की चुनौतियों के अनुरूप खुद को करें तैयार : शर्मा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस के भावी नेतृत्व को आधुनिक पुलिसिंग की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस मुख्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 25 प्रोबेशनर आईपीएस अधिकारियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने अधिकारियों को बदलते अपराध परिदृश्य को समझते हुए पारदर्शिता, ईमानदारी, संवेदनशीलता और समन्वय के साथ कार्य करने का संदेश दिया। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में पुलिसिंग का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। पारंपरिक अपराधों के साथ-साथ साइबर अपराध, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित अपराध, ड्रोन ड्रॉपिंग, सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा तथा नई पीढ़ी से जुड़ी सामाजिक चुनौतियां पुलिस के सामने नई जिम्मेदारियां लेकर आई हैं। ऐसे में अधिकारियों को समय के साथ स्वयं को लगातार अपडेट रखते हुए प्रभावी रणनीति अपनानी होगी। उन्होंने प्रोबेशनर अधिकारियों से राजस्थान पुलिस की उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों का अध्ययन करने और अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पूर्ण पारदर्शिता, ईमानदारी, संवेदनशीलता तथा सेवा भाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सरकार और आमजन की पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगातार निगाह रहती है, इसलिए प्रत्येक निर्णय और कार्रवाई कानूनसम्मत, निष्पक्ष तथा जवाबदेह होनी चाहिए। डीजीपी ने अधिकारियों को भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम सहित नए आपराधिक कानूनों का गहन अध्ययन कर उनके अनुरूप प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने की सलाह दी। एनपीए के उप महानिरीक्षक अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्टडी टूर पर जयपुर पहुंचे 25 प्रोबेशनर आईपीएस अधिकारियों ने संवाद सत्र में आधुनिक पुलिसिंग, नेतृत्व, समन्वय और भविष्य की चुनौतियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने अनुभव साझा किए तथा वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन वीके सिंह, एस सेंगाथिर, संजीव नार्जरी सहित पुलिस मुख्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। संवाद सत्र में आधुनिक तकनीक, बदलते अपराधों से निपटने की रणनीति और जनविश्वास को मजबूत बनाने पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

# महिला नीति के तहत व्याख्यान आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय जीएचएस महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिला नीति के अंतर्गत एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या विनीता चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में डॉ अर्चना रांकावत ने पर्यावरण प्रदूषण एवं बचाव के उपाय, अनुप्रिया पूनिया ने पर्सनल हाइजीन एवं क्लीनलीनेस तथा पिंटू कुमारी ने योग एवं प्राणायाम के लाभ विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्चना रांकावत द्वारा किया गया तथा महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सीता शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोमती देवी, मीनाक्षी कुमावत सहित महाविद्यालय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आवारा सांड से मौत पर आश्रितों को 8 लाख मुआवजा

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आवारा सांड की टक्कर से हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थायी एवं अनवरत लोक अदालत ने मृतक के आश्रितों को बड़ी राहत देते हुए 8 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। लोक अदालत ने इस राशि का भुगतान संबंधित ग्राम पंचायत रामपुरा द्वारा मृतक के परिजनों को करने के निर्देश दिए हैं। मामले के अनुसार 9 अप्रैल 2025 को अलसीसर निवासी नौशाद हुसैन पुत्र तालिब हुसैन को आवारा सांड ने टक्कर मार दी थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद मृतक के आश्रितों ने न्याय की मांग करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थायी एवं अनवरत लोक अदालत का दरवाजा खटखटाया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनी गई तथा उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया गया। इसके बाद स्थायी एवं अनवरत लोक अदालत के पीठासीन अधिकारी अध्यक्ष सुनील कुमार पंचोली एवं सदस्य लालचंद रैगर ने निर्णय सुनाते हुए ग्राम पंचायत रामपुरा को मृतक के आश्रितों को 8 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया।

मृतक पक्ष की ओर से एडवोकेट इरशाद मोहम्मद फारूकी ने पैरवी करते हुए मामले को न्यायालय के समक्ष मजबूती से प्रस्तुत किया वहीं राज्य सरकार की ओर से रामावतार ढाका ने पक्ष रखा। न्यायालय ने मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय पारित किया। यह फैसला आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में स्थानीय निकायों की जवाबदेही तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे भविष्य में ऐसे मामलों में पीड़ित परिवारों को न्याय मिलने का मार्ग और अधिक स्पष्ट होगा।

# सर्व समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 29 जुलाई को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** सर्व समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 29 जुलाई को श्री सीताराम बावड़ी आश्रम श्रीमाधोपुर पर दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा। बावड़ी आश्रम के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर ओमकार दास महाराज ने बताया कि आयोजित समारोह में 10वीं व 12 वीं परीक्षा 2026 में 90 प्रतिशत व अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं व सरकारी सेवा में चयनित और उपखंड, जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर 2026 में सम्मानित प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह को सफलतम बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## भाजपा नेता सोनी नगरपरिषद कैंप में बैठे धरने पर



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय में आयोजित शहरी सेवा शिविर में भाजपा नेता व वार्ड 25 के पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी ने धरना दे दिया। वार्ड में मंदिरों, स्कूल आदि के पास कचरे के ढेर होने से परेशान भाजपा नेता पन्नालाल सोनी ने कहा कि सफाई की ऐसी बुरी हालत मैंने 40 सालों में कभी नहीं देखी, जैसी अब है। सोनी ने कहा कि जमादारों के पास सफाई के पर्याप्त ट्रैक्टर के बंदोबस्त नहीं है और जनता परेशान है। करीब आधे घंटे के बाद पन्नालाल सोनी ने धरना समाप्त कर दिया। सोनी ने बताया कि अधिकारियों ने वार्ड में कचरा उठवाया है, जिसके कारण मैंने धरना समाप्त कर दिया है।

## डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

निसं

**बिसाऊ (नवयत्न)।** बिसाऊ को झुंझुनू से जोड़कर जंक्शन बनाने और स्टेशन से गुजरने वाली सभी एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव करने व अन्य सुविधाएं बढ़ाने की मांग को लेकर रेल विकास यात्री सेवा संघ बिसाऊ ने सोमवार को झुंझुनू में आए डीआरएम को रेल मंत्री के नाम लिखा ज्ञापन दिया। संघ के अध्यक्ष रिषी कुमार सोनी के अनुसार बिसाऊ को लोहारू, पिलानी, मलसीसर, नई रेल लाइन डालकर झुंझुनूं के साथ बिसाऊ को भी जंक्शन बनाने, अमृत भारत योजना में शामिल करने और सिरसा-कोटा, प्रयागराज-बीकानेर बांद्रा स्पेशल, बीकानेर-जयपुर इंटरसिटी सहित अन्य सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव तथा लोकल ट्रेनों में सीकर चूरू के बीच दो डेमू ट्रेन, सरदारशहर जयपुर डेमू, चुरू जयपुर एक एक्सप्रेस नई ट्रेनें शुरू करवाने और बिसाऊ स्टेशन पर विकास कार्यों में इंडिकेटर लगाने, प्लेटफार्म उंचा करने, पुल बनाने, आरक्षण की सुविधा शुरू करने, ब्लाक काउंटर आदि के कार्य करवा बिसाऊ स्टेशन को आधुनिक व सुविधा जनक स्टेशन से बनाने की मांग रखी है।

## घायल काले नाग का किया इलाज

निसं



**बिसाऊ (नवयत्न)।** जब कही काला नाग सांप दिखाई दे तो बडे बड़ों की डर के मारे घींघी बंधजाती है लेकिन बिसाऊ की आपणी गौशाला के गो सेवकों ने एक 6 फीट लंबे जेसीबी की चपेटे में आकर घायल हुए काले नाग सांप का गौशाला के चिकित्सालय में भर्ती कर इलाज शुरू किया है। गो सेवक कमल जोशी के अनुसार यह घायल काला सांप उन्हें भीखनसर रोड पर गैस एजेंसी के सामने स्थित कालोनी में मकान निर्माण की नींव खुदाई के समय यह जेसीबी की चपेट में आकर घायल हो गया था। जिसका वह रेस्क्यू कर आपणी गौशाला के चिकित्सालय में लाकर भर्ती किया है। गौशाला के पशु चिकित्सक द्वारा इलाज शुरू किया है। जोशी ने बताया है कि इस चिकित्सालय में पशुओं के इलाज के साथ-साथ जल्द पक्षियों के इलाज के लिए भी घायल पक्षियों को भर्ती करने हेतु टेरेटरी वार्डों का निर्माण करवाया जाएगा। गौरतलब है कि इस गौशाला के चिकित्सालय में घायल, बिमार, असहाय तथा दिव्यांग गौवंशों और पक्षियों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। गौशाला की पुरी आर्थिक व्यवस्था भामाशाहों के सहयोग से बन रही है।

## कलाम की पुण्यतिथि पर हुआ पौधरोपण

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर एन के लिए स्टेडियम में वृक्षारोपण किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया, रेवंतमल पंवार, विष्णु प्रजापत आदि ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर सोहिल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित संदेश दिया गया है। डॉक्टर कलाम साहब का मानना था कि जीवनकाल में पौधा लगाकर उनकी देखभाल करने से जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं से निपटा जा सकता है।

उनका जीवन राष्ट्र सेवा शिक्षा और प्रकृति को प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है।

# हर बच्चा पढ़ेगा तो राजस्थान आगे बढ़ेगा : मीणा

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी रीडिंग प्रमोशन कैंपेन 2026-27 के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को पीएम श्री राजकीय कंनोई उच्च माध्यमिक विद्यालय में शहरी संकुल केंद्र के समस्त संस्था प्रधानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह ने की जबकि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वितीय धर्म सिंह मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए धर्म सिंह मीणा ने कहा कि रीडिंग प्रमोशन कैंपेन राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग की अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, जिसका शुभारंभ 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक सरकारी विद्यालय के विद्यार्थी में पढ़ने, समझने और सीखने की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा हर बच्चा पढ़ेगा तो राजस्थान भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने 24 जुलाई को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में पीईईओ एवं यूसीईईओ स्तर पर दिए गए दिशा-निर्देशों की जानकारी साझा करते हुए सभी संस्था प्रधानों से अभियान को विद्यालय स्तर पर प्रभावी, नवाचारपूर्ण एवं जनभागीदारी के साथ संचालित करने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह ने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, हरियालो राजस्थान के तहत सघन वृक्षारोपण तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ संचालित करने पर जोर दिया। प्रधानाचार्य अनिता सुरेका ने बताया कि रीडिंग प्रमोशन कैंपेन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन के प्रति रुचि बढ़ाना, भाषा दक्षता का विकास करना तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाना है।

उन्होंने सभी संस्था प्रधानों से इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देकर सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भराड़िया के प्रधानाचार्य रामावतार शर्मा, जाजोदिया के प्रधानाचार्य कमलेश सिंघल, झवर की प्रधानाचार्य कुसुम शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नं 6 की प्रधानाचार्य रिंकू सोनी, पवन शर्मा, विमला प्रजापत, अमिता गोदारा, किशनलाल रेगर, रामनिवास, पुष्पेंद्र भाटी सहित शहरी संकुल क्षेत्र के सभी संस्था प्रधान उपस्थित रहे।

# पुराने कपड़ों से ग्राम पंचायत गोपालपुरा बनाएगी महिलाओं को आत्मनिर्भर

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती गोपालपुरा पंचायत द्वारा एक नवीन नवाचार के रूप में पंचायत भवन में सोमवार को रीसाइक्लिंग योजना में लीरी शोरूम का उद्घाटन किया गया। जिसमें घरों से इकट्ठे किए गए नए व कम पहने हुए कपड़े मामूली दरों पर गांव की महिलाओं द्वारा बेचे जाएंगे। साथ ही महिलाएं इन कपड़ों से पर्स, बैग, थैला, फाइल, पाउच सहित कई चीजें बनाकर भी बेचेगी। प्रशासक सविता राठी ने बताया कि पंचायत की महिलाओं द्वारा संचालित इस शोरूम में भविष्य में मशीनें लगाकर बिना उपयोग के कपड़ों से धागा व दरियां बनाई जाएगी। इस पूरी योजना से गांव की महिलाओं को रोजगार मिलेगा। वहीं प्लास्टिक रिसाइकल करने की कवायद के साथ स्वच्छ गांव बनने की दिशा में पर्यावरण संरक्षण का कार्य भी होगा। गणपत दास स्वामी ने कहा कि शून्य कचरा अभियान के तहत इस प्रकल्प को शुरू किया गया है। सोमवार को एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, बीडीओ गणेश जाखड़, श्रृंखला ऑर्गेनाइजेशन की फाउंडर अस्मिता शर्मा, प्रिंसिपल प्रीति कोठारी ने इस शोरूम का उद्घाटन किया। फाउंडेशन की रीता शर्मा, माया गग्गड, मनीषा करवा, सुनीता करवा, मोनिका बिहानी, कांता शर्मा, सोनम करवा ने जसवंतगढ़ कस्बे से कपड़े इकट्ठे कर शोरूम में 192 किलो कपड़े सौंपे। गांव की सुशीला स्वामी, ममता नाई, मुकेश बावरी, कमला देवी, दुर्गा देवी, ग्यारसी, बसन्ती, भंवरी आदि शोरूम की व्यवस्थाएं संभालेंगीं। ग्रामीण रूपाराम खीचड़, दीपचंद गिलड़ा, प्रकाश स्वामी, ग्राम विकास अधिकारी प्रवीण कुमार, एलडीसी ज्योति कछावा, गंगासिंह राजपूत, छत्तर सिंह आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भंवर लाल, धर्माराम, विक्रम, त्रिलोक आदि ने व्यवस्था संभाली। ग्राम पंचायत गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी ने बताया कि यह गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काफी बड़ा कदम साबित होगा। राठी ने बताया कि इसके तहत नए कपड़े लोगों को कम दरों पर और पूरी तरह से वेस्टेज हो चुके कपड़ों को रिसाइकल करके पुनः लोगों के लिए जन उपयोगी बनाया जाएगा। ताकि शहर गांव में किसी प्रकार का कचरा ना हो और शून्य कचरा अभियान की ओर कदम बढ़ाए जा सके। ग्राम पंचायत गोपालपुरा द्वारा की गई यह पहला अपने आप में अन्य पंचायतों और समाज के लिए भी प्रेरणा का काम करेगी।

## धोबी समाज की बेटी सानिया डॉक्टर बन पिता का सपना करेगी पूरा



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** मेहनत, लगन और परिवार के सपनों को साकार करने का एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश करते हुए सानिया बानो ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनने की राह तय कर ली है। हवारियान, धोबी समाज की झुंझुनू से वह सम्भवतः पहली बेटी है जो डॉक्टर बनने जा रही है, जिससे पूरे समाज में खुशी और गर्व का माहौल है। सानिया बानो साजिद अली की पुत्री हैं, जिनका पुश्तैनी व्यवसाय कपड़ों की प्रेस और धुलाई का है। सानिया ने झुंझुनू स्थित एलन कोचिंग संस्थान से तैयारी करते हुए दूसरे प्रयास में 571 अंक हासिल कर नीट परीक्षा पास की। पिछले प्रयास में वह महज एक अंक से कट-ऑफ से चूक गई थी लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और दुगुनी मेहनत के साथ सफलता हासिल की। सानिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी, परिवारजनों और गुरुजनों को दिया। उन्होंने बताया कि वह कोचिंग के साथ प्रतिदिन 7-8 घंटे नियमित अध्ययन करती थी और सुबह 4 बजे उठकर पढ़ाई शुरू कर देती थी। सानिया का कहना है कि बचपन से ही मेरे पापा का सपना था कि मैं डॉक्टर बनूं और मैंने उनका सपना पूरा करने के लिए पूरी मेहनत की। माता-पिता हमें सफल देखना चाहते हैं लेकिन उनके सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। सानिया की इस उपलब्धि पर समाज के लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## उपखंड अधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारंभ



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीमाधोपुर परिसर में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में उपखंड अधिकारी अनिल कुमार ने सोमवार को पौधरोपण कर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रावास एवं विद्यालय परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाने का आह्वान करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने पर बल दिया। उपखंड अधिकारी अनिल कुमार ने छात्रावास की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर उनकी सराहना की। उन्होंने छात्रावास एवं विद्यालय परिसर को आदर्श हरित परिसर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करने के लिए प्रधानाचार्य एवं छात्रावास प्रशासन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में पार्षद रोशन सिंह बिजारणियां विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि हम सभी के सहयोग से छात्रावास परिसर को एक आदर्श हरित परिसर के रूप में विकसित करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक झूमा, कृषि प्रभारी कपिल कुमार, पीएमश्री प्रभारी ओमप्रकाश गुर्जर, रमेश कुमार रुंडला, शिशुपाल सिंह बिजारणियां, जोगेंद्र प्रसाद वर्मा, रामजीलाल सैनी सहित विद्यालय एवं छात्रावास का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# फर्जी सर्टिफिकेट मामला : कजाकिस्तान से एमबीबीएस करने वाला फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई कर लौटे छात्रों को फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट के जरिए राजस्थान मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण दिलाने के बहुचर्चित फर्जीवाड़े में स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप ने एक और कार्रवाई करते हुए कजाकिस्तान से एमबीबीएस करने वाले एक फर्जी डॉक्टर को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने भारत में मेडिकल प्रैक्टिस के लिए अनिवार्य एफएमजीई परीक्षा पास किए बिना ही 10 लाख रुपए में फर्जी सर्टिफिकेट बनवाया और उसके आधार पर राजकीय मेडिकल कॉलेज, करौली में इंटर्नशिप भी पूरी कर ली। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नितिन कुमार निवासी शाहदरा दिल्ली ने वर्ष 2022 में कजाकिस्तान से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की थी। भारत लौटने के बाद उसने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन द्वारा आयोजित एफएमजीई स्क्रीनिंग परीक्षा कई बार दी। लेकिन हर बार असफल रहा।

इसके बाद उसने फर्जीवाड़े का रास्ता अपनाया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने दौसा निवासी बिचौलिए शुभम गुर्जर के माध्यम से 10 लाख रुपए देकर फर्जी एफएमजीई पासिंग सर्टिफिकेट तैयार कराया। इसी फर्जी दस्तावेज के आधार पर उसने राजकीय मेडिकल कॉलेज, करौली में इंटर्नशिप के लिए आवेदन किया और इंटर्नशिप भी पूरी कर ली। एसओजी की विशेष टीम ने तकनीकी एवं गोपनीय जांच के बाद आरोपी को 24 जुलाई 2026 को दिल्ली से गिरफ्तार किया। एसओजी के पुलिस महानिरीक्षक अजयपाल लांबा, पुलिस उपमहानिरीक्षक भुवन भूषण यादव तथा पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया के निर्देशन में अनुसंधान अधिकारी डीएसपी जितेंद्र नावरिया द्वारा की जा रही जांच में इस फर्जीवाड़े का बड़ा नेटवर्क सामने आया है। जांच के दौरान विदेश से मेडिकल डिग्री लेकर आए 100 से अधिक ऐसे संदिग्ध डॉक्टरों की पहचान की गई है जिन्होंने कथित रूप से कूटरचित एफएमजीई प्रमाण-पत्रों के आधार पर पंजीकरण और इंटर्नशिप हासिल की। इस मामले में एसओजी अब तक कुल 29 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों में राजस्थान मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ राजेश शर्मा, यूडीसी अखिलेश माथुर, एलडीसी फरहान हसन, गिरोह का मुख्य सरगना भाना राम माली, बिचौलिये शुभम गुर्जर और इंद्रराज गुर्जर के अलावा 24 फर्जी स्नातक डॉक्टर भी शामिल हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि मुख्य आरोपी भाना राम माली अपने सहयोगियों शुभम गुर्जर और इंद्रराज गुर्जर के साथ मिलकर विदेश से एमबीबीएस कर लौटे लेकिन एफएमजीई परीक्षा में असफल रहे छात्रों से प्रति व्यक्ति 20 से 30 लाख रुपए तक वसूलता था। इसके बदले फर्जी एफएमजीई सर्टिफिकेट तैयार कराए जाते थे और राजस्थान मेडिकल काउंसिल के भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप तथा प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन कराया जाता था। एसओजी फिलहाल गिरफ्तार आरोपी नितिन कुमार से गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ के दौरान इस फर्जी नेटवर्क से जुड़े कई अन्य डॉक्टरों, बिचौलियों और सहयोगियों के नाम भी सामने आ सकते हैं। जांच के दायरे में आने वाले अन्य संदिग्धों पर भी जल्द कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# सिंधी कैंप बस स्टैंड पर लावारिस बैगों में मिला 38 किलो डोडा-चूरा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के सिंधी कैंप बस स्टैंड पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लावारिस बैगों से 38 किलो 650 ग्राम डोडा-चूरा बरामद किया है। प्रारंभिक जांच में रोडवेज बसों के जरिए मादक पदार्थ की तस्करी किए जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस अब बस स्टैंड परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर तस्करों की पहचान में जुटी है। जयपुर पश्चिम के पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि रविवार शाम सिंधी कैंप थाना पुलिस बस स्टैंड परिसर में नियमित चेकिंग और सर्च अभियान चला रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर दो संदिग्ध बैग लावारिस अवस्था में पड़े



मिले। पुलिस ने आसपास मौजूद यात्रियों और अन्य लोगों से बैगों के संबंध में पूछताछ की लेकिन किसी ने भी उन पर अपना दावा नहीं किया। संदेह होने पर जब दोनों बैगों की तलाशी ली गई तो उनमें बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा मिला। पुलिस ने दोनों बैगों को कब्जे में लेकर उनका वजन कराया, जिसमें कुल 38 किलो 650 ग्राम डोडा-चूरा बरामद हुआ। मादक पदार्थ को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का मानना है कि बस स्टैंड पर चल रही सघन चेकिंग को देखकर तस्कर पकड़े जाने के डर से मादक पदार्थ से भरे बैग प्लेटफॉर्म पर छोड़कर भीड़ का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस अब बस स्टैंड और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि बैग छोड़कर जाने वाले संदिग्धों की पहचान की जा सके। पुलिस रोडवेज बसों के माध्यम से मादक पदार्थ की तस्करी के एंगल से भी जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि बरामद डोडा-चूरा कहां से लाया गया था और इसे किस स्थान तक पहुंचाया जाना था, इसका पता लगाने के लिए जांच को विभिन्न पहलुओं से आगे बढ़ाया जा रहा है।

# हिंदुस्तान जिंक ने विगत 6 वर्षो में 8.55 लाख से अधिक पौधे लगाए

निसं

**उदयपुर (नवयत्न)।** विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी और विश्व की शीर्ष 10 चांदी उत्पादक कंपनियों में शामिल हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही तक 8.55 लाख से अधिक पौधरोपण किया है। यह उपलब्धि कंपनी की जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण पुनर्स्थापन और जलवायु संरक्षण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वैज्ञानिक वनीकरण, प्राकृतिक आवासों की बहाली और जैव विविधता प्रबंधन कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदुस्तान जिंक राजस्थान और उत्तराखंड में अपने परिचालन क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्यरत है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान ही कंपनी ने 113500 से अधिक पौधे लगाए है। यह कंपनी के वर्ष 2030 तक जैव विविधता हानि को रोकने और प्राकृतिक संसाधनों, वनस्पतियों तथा पारिस्थितिक तंत्र की गुणवत्ता एवं मजबूती बढ़ाने के दीर्घकालिक लक्ष्य का हिस्सा है। इस अवसर पर हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि



जिम्मेदार खनन केवल बेहतर संचालन तक सीमित नहीं है बल्कि प्रकृति के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण तैयार करने से भी जुड़ा है।

हमारा हर प्रकृति संरक्षण अभियान औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वैज्ञानिक तरीकों, नवाचार और साझेदारी के माध्यम से हम ऐसा सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव पैदा करना चाहते हैं, जिससे प्रकृति और उद्योग दोनों साथ-साथ आगे बढ़ सकें। हिंदुस्तान जिंक ने अपने विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में स्थानीय पर्यावरणीय जरूरतों के अनुरूप कई महत्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं। राजस्थान स्थित चंदेरिया लेड-जिंक स्मेल्टर में कंपनी ने माइकोराइजा तकनीक की मदद से 22.25 हेक्टेयर जारोफिक्स यार्ड का पुनर्स्थापन किया है और आगे 250 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक वन विकास का लक्ष्य रखा है। ग्रीन जावर पहल के तहत जावर माइंस समूह ने रावा गांव में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया है, जिससे स्थानीय समुदाय की भागीदारी बढ़ी है और क्षेत्र की जैव विविधता को भी मजबूती मिली है।

कंपनी ने राजपुरा दरीबा, चंदेरिया, देबारी और कायड़ में मियावाकी तकनीक को अपनाया है। इस तकनीक से सघन और तेजी से विकसित होने वाले देशी वन तैयार किए जा रहे हैं, जो जैव विविधता बढ़ाने और कार्बन अवशोषण में मददगार हैं इसके अलावा रामपुरा आगुचा माइंस में देशी पौधों के संरक्षण और भविष्य के वृक्षारोपण कार्यक्रमों के लिए पौध तैयार करने हेतु विशेष नर्सरी विकसित की गई है। जैव विविधता संरक्षण को और मजबूत करने के लिए हिंदुस्तान जिंक ने इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के सहयोग से अपने बायोडायवर्सिटी मैनेजमेंट प्लान को विकसित और अद्यतन किया है। कंपनी का लक्ष्य नो नेट लॉस ऑफ बायोडायवर्सिटी हासिल करना है अर्थात् विकास गतिविधियों के बावजूद जैव विविधता में कुल मिलाकर कोई नुकसान न हो। ये सभी प्रयास हिंदुस्तान जिंक की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं, जिसके तहत कंपनी अपने परिचालन विस्तार के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों को भी मजबूत बना रही है। इसमें खराब हो चुकी भूमि की बहाली, देशी वनस्पतियों का विस्तार, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बढ़ावा देना तथा प्रकृति-आधारित समाधान अपनाना शामिल है।

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक, इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माइनिंग एंड मेटल्स से जुड़ने वाली भारत की पहली धातु एवं खनन कंपनी है। कंपनी यह साबित कर रही है कि जिम्मेदार खनन और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं। आईसीएमएम के नेचर पोजिशन स्टेटमेंट के अनुरूप हिंदुस्तान जिंक अपने परिचालन, सप्लाई चेन और प्रबंधन प्रणालियों में प्रकृति-सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दे रही है ताकि लोगों और पर्यावरण दोनों के लिए स्थायी मूल्य का निर्माण किया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190